


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22




वर्ष- 14, अंक - 62 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 15 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ का गंधेश्वरनाथ मंदिर जहां होता है अलग अलग खुशबू का अहसास, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किए दर्शन

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बघेल ने महासंमुद में भेंट मुलाकात से पहले सिरपुर स्थित गंधेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां विधिवत पूजन कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की । मुख्यमंत्री ने गंधेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में कदंब के पौधे का भी रोपण किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण से महानदी के सुंदर तट का अवलोकन भी किया। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थापित प्राचीन मूर्तियों को भी देखा। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।

सिरपुर स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर का अपने आप में ऐतिहासिक पुरातात्विक और आध्यात्मिक महत्व है। माना जाता है कि इस मंदिर में शिवभक्तों को शिवलिंग से सुबह, दोपहर और शाम में अलग-अलग खुशबू का एहसास मिलता है। सुबह की पूजा के वक्त शिवलिंग से चंदन की खुशबू आती है । दोपहर में केसर की सुगंध और शाम पूजन के समय गुलाब की खुशबू का एहसास होता है ।यही वजह है कि भगवान शिव के इस मंदिर का नाम गंधेश्वर नाथ मंदिर पड़ा है।

छत्तीसगढ़ के सिरपुर को प्राचीन दक्षिण कौशल की राजधानी कहा जाता है। मंदिर की प्राचीनता का प्रत्यक्ष उदाहरण यहां की स्थापत्य कला में स्पष्ट नजर आता है। मंदिर के गर्भगृह के सामने स्थापित चार स्तंभों पर पाली भाषा व ब्राह्मी लिपि में अभिलेख अंकित है। जानकारों का कहना है की इन अभिलेखों में भगवान शिव की स्तुति व शिव पार्वती विवाह के प्रसंग उत्कीर्ण किए गए हैं। वर्तमान में मंदिर प्रांगण में सिरपुर क्षेत्र में उत्खनन द्वारा प्राप्त पुरातात्विक महत्व की प्राचीन मूर्तियों को स्थापित किया गया है। इन मूर्तियों में भगवान नटराज की नृत्य में मूर्ति विशेष है। माना जाता है कि बाणासुर नमक महान शिव भक्त यहां निवास करता था, जिसने यहां भगवान शिव की घोर तपस्या की। इसके फ्लस्वरूप भगवान शिव ने उसे यहां दर्शन दिए।

# 32 माह बाद शुरू हुई सिटी बस सर्विस

## दुर्ग से कुम्हारी व रायपुर सहित चार रूटों पर दौड़ेंगी बसें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कोरोना संक्रमण के बाद से शहर की बंद पड़ी सिटीबस सेवा आखिरकार शुरू कर दी गई। सुपेला बस डिपो से गुरुवार को 8 बसों को रवाना किया गया। दुर्ग से कुम्हारी व रायपुर सहित चार रूट के लिए शुरूआती दिन 8 बसों को रवाना किया गया है। बताया जा रहा है जैसे-जैसे बस अपडेट होंगे वैसे-वैसे बाकि बसों को भी सड़क पर दौड़ाया जाएगा। आज निगम के महापौर नीरज पाल ने इन बसों को हरी झंडी दिखाई।

बता दें 24 मार्च 2020 में लाकडाउन लगने के बाद से दुर्ग-भिलाई में सिटी बसों के पहिए थम गए थे। उसके बाद से सिटी बसों को डिपो में ही खड़ा कर दिया गया। लगभग 32 माह से शहर सिटी बसें बंद पड़ी हुई। स्थिति सामान्य होने के बाद भी इनका संचालन शुरू नहीं किया। दो साल से डिपो में खड़ी होने के कारण ज्यादातर बसें कंडम हो गई हैं। स्थिति सामान्य होने के बाद सिटी बसों के संचालन की मांग उठी।

### जून में की गई थी घोषणा

इससे पहले दुर्ग जिला प्रशासन ने शहर में 69 सिटी बसों को संचालित करने का निर्णय लिया था। जिला प्रशासन ने जुलाई 2022 से सिटी बसों को 17 रूट पर चलाने की घोषणा की थी। जिला प्रशासन ने घोषणा तो कर दी लेकिन बसों की कंडम स्थिति के कारण तय समय पर यह संभव नहीं हो सका। अब




दिसंबर माह में इन बसों को शुरू किया जा रहा है। गुरुवार को 8 बसों को हरी झंडी दिखाई गई। इन बसों को चार रूट में चलाने का निर्णय लिया गया है।

### इस रूट पर चलेंगी बसें

गुरुवार को शुरू हुई 8 बसों में दो बसें दुर्ग रेलवे स्टेशन से कुम्हारी तक चलेंगी। कुम्हारी से रायपुर रेलवे स्टेशन तक दो बसों को चलाया जाएगा। इसके अलावा दो बसों को पाटन व दो बसों को कचांदुर तक चलाया जाएगा।। बताया जा रहा है डिपो में कंडम बसों को बनाने का काम किया जा रहा है। जैसे जैसे बसें ठीक हो जाएंगी उसके अनुसार उन्हें शुरू किया जाएगा। फिलहाल यह देखा जाएगा कि दो बसों के टाइमिंग में कितना अंतर होता है दिन में कितने चक्कर लगा सकते हैं।

### मीडिया कर्मियों के लिए फ्री रहेगी सिटी बस

भिलाई शहर में सिटी बस सर्विस शुरू होने के बाद मीडिया कर्मियों के लिए संचालक एजेंसी ने बड़ी घोषणा की है। सिटी बस की रवानगी से पहले इसका संचालन करने वाले रिलायंस बस सर्विस के प्रोपराइटर फिरोज खान राठौर ने कहा कि मीडिया कर्मियों के लिए बस सेवा पुरी तरह से फ्री रहेगी। मीडिया कर्मी अपना आईकार्ड दिखाकर बस में नि:शुल्क सफर कर सकते हैं। मीडिया कर्मी किसी भी रूट पर सिटी बसों में फ्री सफर कर सकेंगे।

# आरक्षण बिल पर अब तक साइन नहीं, मंत्री भेंड़िया ने राज्यपाल की नीयत पर उठाए सवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आरक्षक विधेयक पास होने के बाद राज्यपाल के हस्ताक्षर के लिए राजभवन में रुका हुआ है। छत्तीसगढ़ सरकार ने आरक्षण बिल पर विशेष सत्र बुलाने की पक्ष में रहने वाली राज्यपाल अनुसुइया उइके ने अब तक बिल पर हस्ताक्षर नहीं किए है। इसे लेकर महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने राज्यपाल के रैवेय्ये पर सवाल उठाए हैं।



बालोद में एक कार्यक्रम के दौरान अनिला भेड़िया ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि राज्यपाल ने पहले तो कहा था तत्काल बिल लाओ तत्काल साइन करूंगी। विधानसभा में बिल पास होने के बाद उनके पास भेज दिया गया लेकिन पता नहीं किसके दबाव और डर के कारण उन्होंने आरक्षण बिल को रोक रखा है। यह बिल हमारे छत्तीसगढ़ की जनता और युवाओं का भविष्य इससे जुड़ा हुआ है। इसे हमारे राज्यपाल को समझना चाहिए तत्काल इसमे हस्ताक्षर कर ऊपर भेजना चाहिए।

### चीन इस गलतफहमी में न रहे कि भारत चुप बैठेगा तवांग झड़प पर बोले पूर्व विदेश सचिव गोखले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई ताजा झड़प के बाद पूर्व विदेश सचिव विजय गोखले का बयान सामने आया है। गोखले ने चीन को फटकार लगाते हुए कहा है कि चीन इस गलतफहमी में न रहे कि भारत एलएसी पर उसे मुंहतोड़ जवाब नहीं देगा। भारत उसकी हर गलत नीतियों का करारा जवाब देगा। पूर्व विदेश सचिव ने कहा कि साल 2020 के गलवान घटना ने चीन के बारे में राष्ट्रीय जनमत को फिर से आकार देने का काम किया है। हमारी सेना हर मोर्चे पर तैयार है।

# मालगाड़ी की चपेट में आई कार चालक कुछ समझ पाता इसके पहले उड़ गए गाड़ी के परखच्चे



श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। गेवरा रोड- कोरबा रेलखंड पर कोयले से भरी मालगाड़ी ने कार को चपेट में ले लिया। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार में सवार दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। दुर्घटना बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे की बताई जा रही है।

### चालक को आई चोट

मिली जानकारी के अनुसार कोरबा अग्रसेन चौक के पास रहने वाला सतीश अग्रवाल बुधवार को कार सीजी 12 एक्यू 7771 से कोरबा कुसमुंडा के रास्ते गेवरा जा रहा था। कुचैना मोड़ गंगानगर के पास रेल पटरी को पार करने के दौरान मालगाड़ी ने कार को पीछे से ठोकर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। चालक सतीश को चोटें आई। राहगीरों की मदद से सतीश को कार से बाहर निकाला गया। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### लोगों ने चालक को कार से बाहर निकाला

पुलिस के अनुसार घटना कैसे हुई? यह स्पष्ट नहीं है। आशंका है कि रेल लाइन को पार करने के दौरान चालक सतीश रेल पटरी को दाएं बाएं नहीं देखा होगा। इस बीच मालगाड़ी आ गई होगी और कार को ठोकर मार दी। घटना की सूचना पर आसपास के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए थे। बताया कि पेशे से ठेकेदार सतीश गेवरा क्षेत्र में कोई काम कर रहा है। वह गेवरा जाने के लिए घर से निकाला था। इस बीच हादसे का शिकार हो गया। मालगाड़ी भी कोरबा से गेवरा की ओर जा रही थी।

# कुम्हारी फ्लाईओवर हादसे में माता-पिता को खो चुकी अन्नू को कंपनी ने सौंपा 15 लाख का चेक



श्रीकंचनपथ न्यूज


**दुर्ग।** कुम्हारी फ्लाईओवर हादसे में अपने परिजनों को खो चुकी अन्नू देवांगन को ठेका कंपनी ने 15 लाख रुपए का चेक सौंपा है। हादसे के बाद अनाथ हुई अन्नु की पढ़ाई लिखाई एवं अन्य जरूरतों के लिए फ्लाईओवर का निर्माण कर रही कंपनी रायल इंफ्रा ने पंद्रह लाख रुपए दिए हैं। कंपनी प्रबंधन गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा व एसपी डा. अभिषेक पल्लव की उपस्थिति में अन्नु को पंद्रह लाख रुपए की राशि का चेक सौंपा।

बता दें 10 दिसंबर की रात को कुम्हारी फ्लाईओवर के अधूरे छोर से जाने के कारण बाइक सवार पति पत्नी आजु राम व निर्मला देवांगन की मौत हो गई थी। हादसे उनकी बच्ची अन्नु देवांगन बच गई। अब इसके सामने भरन पोषण की समस्या थी। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं एसपी डा. अभिषेक पल्लव ने इस संबंध में कंपनी के प्रबंधन से चर्चा की और उन्हें बच्ची की परवरिश की जिम्मेदारी उठाने कहा।

अधिकारियों ने प्रबंधन से कहा कि फ्लाईओवर के निर्माण की अनुबंध शर्तों में सुरक्षा संबंधी सभी बातों का पूरा ध्यान रखना शामिल था। कंपनी की लापरवाही के कारण यह गंभीर हादसा हुआ है। इस हादसे में बच्ची ने अपने माता-पिता को खो दिया और अब उसके सामने परवरिश की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। इसके लिए उसके परवरिश का खर्च कंपनी उठाये। इस पर चर्चा के पश्चात प्रबंधन ने पंद्रह लाख रुपए देने की स्वीकृति दी थी।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर भिलाई में हुआ पथराव कोच का शीशा टूटा, रेलवे ने शुरू की जांच





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बिलासपुर से नागपुर के बीच चार दिन पहले शुरू हुई वंदेभारत एक्सप्रेस में पथराव हुआ है। बुधवार शाम को नागपुर से बिलासपुर की ओर आ रहे वंदे-भारत एक्सप्रेस पर भिलाई में पथराव किया गया है। पथराव से एक कोच का शीशा टूट गया है। बिलासपुर पहुंचने के बाद इस कोच के कांच को ठीक किया। इधर इस घटना के बाद रेलवे ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

बता दें 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागपुर से वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया था। 12 दिसंबर से इस ट्रेन का नियमित संचालन शुरू किया गया। बुधवार दोपहर 2:05 को नागपुर से छूटने के बाद शाम पांच बजे के बाद यह ट्रेन दुर्ग पहुंची। दुर्ग से भिलाई स्टेशनों के बीच इस ट्रेन पर पथराव हुआ है। बताया जा रहा है कि ट्रेन के ई-1 कोच की खिड़की पर पत्थर लगा जिससे कांच क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद इसकी सूचना आरपीएफको दी गई। ट्रेन पर पथराव की सूचना के बाद रेलवे ने भी इसकी जांच कर निर्देश दिया है।

### जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत, 22 ने इलाज के दौरान तोड़ा दम, हिरासत में 14 लोग

**पटना (एजेंसी)।** पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार में जहरीली शराब पीने से तीस लोगों की मौत हो गई है। मौतों का सिलसिला सोमवार से जारी है। जहरीली शराब सेवन के बाद 22 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसमें सभी की इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर बिहार विधानसभा के शीत सत्र में जहरीली शराब के मुद्दे पर हर दिन हंगामा हो रहा है। बिहार के छपरा जिले के सारण में हर घंटे जहरीली शराब से मौत का आंकड़ा एक-एक कर बढ़ता जा रहा है। 5 लोगों मौत की मंगलवार देर रात हुई थी। ग्रामीणों की माने तो संदिग्ध स्थिति में अन्य 3 लोगों की भी मौत हुई है जिनका पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया है। पुलिस ने मामले में 14 लोगों को हिरासत में लिया है। ये लोग कौन है, पुलिस ने फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया है।

# उच्च शिक्षा की राह से हटा पहला बैरिकेड

श्रीकंचनपथ




जब तक इंसान जंगलों में भागता फिरता था, वह नियम कानून से मुक्त था. जैसे ही उसने ठहर कर घर बसाना सीखा, अपने लिये कुछ कायदे कानून भी बना लिये. काम का बंटवारा भी कर लिया. मैदानों में रहने आया तो इन कायदा कानूनों में कुछ इजाफा हो गया. मोहल्ला बना, फिर गांव बसा. अलग-अलग हुनर वालों के समूह भी बन गये. विकास का पहिया घूमता रहा. सड़कें बनीं तो उसपर चलने के लिए नियम भी बने. भीड़ बढ़ी तो मकान के ऊपर मकान बनने लगे. सड़कों पर भीड़ बढ़ी तो डिवाइडर और बैरिकेड लगाने पड़े. वाहनों की रफ्तार बढ़ी तो स्पीड ब्रेकर बनाने पड़े. जरूरत के हिसाब से बैरिकेड्स को हटाया भी जाता है, ब्रेकरों को भी तोड़कर समतल किया जाता है. वक्त के साथ कुछ कायदे बेतुके और बेमानी हो जाते हैं. इन्हें हटा देने में ही अक्लमंदी होती है. उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी पहली कवायद छत्तीसगढ़ के पं. दीनदयाल उपाध्याय हेल्थ साइंस एंड आयुष विवि ने की है. अब दूसरे राज्यों के छात्रों को यहां के संस्थानों में दाखिले के लिए पात्रता प्रमाणपत्र नहीं देना होगा. इस विश्वविद्यालय के तहत 13 मेडिकल, 6 डेंटल 141 नर्सिंग, 9 आयुर्वेद और 2 फिजियोथेरेपी तथा एक नेचुरोपैथी कालेज आते हैं. इनमें केन्द्र का 15 फीसद कोटा है. इन छात्रों को बड़ी परेशानी होती थी. पुराने और नए विश्वविद्यालय के बीच पेंडुलम की तरह झूलते उनके दो-तीन महीने बर्बाद हो जाते थे. इसके कारण उनका नामांकन उलझा रहता था. विवि ने इसकी अनिवार्यता को खत्म कर दिया है. विवि का कहना है कि मेडिकल की किसी भी पढ़ाई के लिए विद्यार्थी नीट से लेकर डीएमई कार्यालय तक विभिन्न प्रक्रियाओं से होकर गुजरते हैं. फिर कालेजों में भी डाकुमेंट की स्क्रूटनी होती है. इतना फिल्टर होकर आने के बाद भी यदि छात्र को पात्रता प्रमाणपत्र की अनिवार्यता भुगतनी पड़े, तो यह सरासर नाइंसाफी है. वैसे बोर्ड और विश्वविद्यालयों के ऐसे बहुत सारे बेतुके फर्मान हैं जिन्हें समाज बैलों की तरह ढो रहा है. एक हास्य कवि ने पीएम पर कविता सुनाई. कहा कि जानकर अच्छा लगा कि उन्होंने एम किया हुआ है. यह जानकर और भी अच्छा लगा कि उन्होंने बीए भी किया हुआ है. इससे भी बड़ी बात यह थी कि पीएम ने 10वीं-12वीं भी उत्तीर्ण की हुई है. पीएम की शिक्षा पर उठे सवाल के जवाब ने पार्टी ने इसी क्रम में उनकी शिक्षा का ब्यौरा दिया था. पर इसमें हंसने जैसा कुछ नहीं है. छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षा में प्रवेश के लिए 10वीं और 12वीं की अंक सूची जमा करानी होती है. ऐसा इसलिए की फर्स्ट ईयर में प्रवेश के लिए 12वीं पास होना जरूरी है पर जन्मतिथि केवल 10वीं की अंकसूची में होती है. प्रत्येक अंकसूची पर ढेरों फालतू बातें लिखी होती हैं. क्या 12वीं की अंकसूची में भी जन्मतिथि दर्ज करने से कोई भूकम्प आ जाता?



## संपादकीय

# जहर पर लगे लगाम

बिहार के सारण जिले में जहरीली शराब ने फिर दुखद मंजर पेश किया है, जिसकी गूंज राज्य की विधानसभा में स्वाभाविक ही सुनाई पड़ी है। अगस्त महीने में भी सारण में जहरीली शराब का आतंक सामने आया था। साल 2016 से ही लागू शराबबंदी के कड़े कानून को तवज्जो न देने वालों की तादाद क्या बढ़ती जा रही है? शायद ही ऐसा कोई जिला होगा, जहां यह जहरीला कारोबार न चल रहा होगा, लेकिन सरकार के लिए मजबूरी यह है कि वह कहां-कहां चौकीदारी बिठाए? समाज ऐसा है कि शराबी सामने आने से बचते हैं, उन्हें लोक-लाज का भय भी सताता है, शिकायत की विधिवत स्थिति नहीं बन पाती है। ऐसे में, प्रशासन भी मजबूर हो जाता है। ज्यादातर मामलों में मामूली कार्रवाई और जुर्माना अदा करके दोषी बाहर आ जाते हैं और फिर चोरी-छिपे जहर का यह धंधा जारी रहता है। जहां पुलिस जांच में जुटी है, वहीं मृतकों के परिजनों का दावा है कि जहरीली शराब के सेवन से ही उनके रिश्तेदारों की मौत हुई है। बार-बार मौतों पर बिहार में राजनीति भी खूब होती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शराबबंदी नीति को आड़े हाथ लिया जाता है। शराबबंदी वास्तव में सामाजिक पहल है, जिसमें सभी को मिलकर सफलता के लिए प्रयास करने चाहिए, लेकिन यहां जो विपक्ष में रहता है या जो सत्तापक्ष से नाराज रहता है, उसके लिए ही यह बड़ा मामला है। संविधान निर्माताओं ने बार-बार इशारा किया था कि कानून में समस्या नहीं है, वास्तव में सफलता कानून को लागू करने वालों पर निर्भर है। अच्छे लोग किसी कानून को मिलकर कामयाब बना देते हैं और बुरे लोग मिल जाएं, तो एक अच्छा कानून भी बेमतलब हो जाता है। शराबबंदी के प्रति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दृढ़ता काबिलेगौर है, पर कई बार ऐसा क्यों लगता है कि बिहार में केवल वही शराबबंदी के लिए लड़ रहे हैं? यह बात छिपी नहीं है कि न्यायपालिका भी कई बार इस कानून के प्रतिकूल रही है। राज्य में कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच इस मुद्दे पर खींचतान नई नहीं है। विधायिका भी बंटी हुई है। वहां भाजपा अब शराबबंदी अभियान को विफल मानती है और सत्तापक्ष के अंदर भी शराबबंदी का विरोध है। कांग्रेस भी समीक्षा के पक्ष में बताई जाती है। बिहार के पूर्व मंत्री और राजद विधायक सुधाकर सिंह ने भी शराबबंदी का विरोध करते हुए कह दिया कि किसी भी खाद्य पदार्थ या पेय पदार्थ पर प्रतिबंध लगाना मानसिक दिवालियापन है। वैसे, यह सोच नई नहीं है, सामाजिक या राजनीतिक चिंतकों की एक धारा है, जो मानती है कि सरकार नशे पर लगाम नहीं लगा सकती, आपको लोगों को जागरूक करते हुए नशे के कारोबार पर प्रहार करना होगा। मगर क्या लोग एकमत हैं? क्या लोग शराब के सेवन को घातक मानते हुए उससे बचने को तैयार हैं? क्या जन-जन के बीच नशा-विरोधी माहौल बनाने के प्रयास हुए हैं? क्या सामाजिक संगठन इस दिशा में लोगों को जागरूक करने के लिए सक्रिय हैं? इसमें शक नहीं कि शराबबंदी से बिहार में अपराधों में कमी आई है, सकारात्मकता बढ़ी है, लेकिन बिहार के लिए संपूर्ण शराबबंदी की चुनौती बहुत बड़ी है। इसके आसपास के किसी राज्य में शराबबंदी नहीं है। ऐसे माहौल में देसी शराब बनाने वालों को पूरी तरह से रोकना और भी मुश्किल है। एक ही उपाय है, बिहार की सरकार लोगों को जागरूक करने के ज्यादा प्रयास करे और लोग भी राज्य के कानून का सम्मान करना सीखें।

> “ संविधान निर्माताओं ने बार-बार इशारा किया था कि कानून में समस्या नहीं है, वास्तव में सफलता कानून को लागू करने वालों पर निर्भर है। अच्छे लोग किसी कानून को मिलकर कामयाब बना देते हैं और बुरे लोग मिल जाएं, तो एक अच्छा कानून भी बेमतलब हो जाता है। शराबबंदी के प्रति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दृढ़ता काबिलेगौर है, पर कई बार ऐसा क्यों लगता है कि बिहार में केवल वही शराबबंदी के लिए लड़ रहे हैं? यह बात छिपी नहीं है कि न्यायपालिका भी कई बार इस कानून के प्रतिकूल रही है। राज्य में कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच इस मुद्दे पर खींचतान नई नहीं है। विधायिका भी बंटी हुई है।

# महिला आरक्षण बिल कब आएगा?

भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार महिला आरक्षण बिल के बारे में क्या सोच रही है, यह पता नहीं चल रहा है। बिना महिला आरक्षण बिल के ही महिलाएं भाजपा और नरेंद्र मोदी के पक्ष में मतदान कर रही हैं। केंद्र सरकार ने तीन तलाक को अपराध बनाने का कानून बनाया तो कहा गया कि मुस्लिम महिलाएं भाजपा का साथ देंगी। मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने की उज्ज्वला योजना शुरू हुई तो कहा गय कि महिलाओं की बड़ी समस्या दूर हो गई और वो भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगी। लेकिन इन सबके बीच महिला आरक्षण की बात एक बार भी नहीं हो रही है।

सवाल है कि उसके लिए किस मौके का इंतजार हो रहा है? क्या अगले लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार यह बिल ला सकती है? ध्यान रहे एक समय था, जब भाजपा इस बिल का बहुत समर्थन करती थी लेकिन तब कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए में शामिल कई दल इसके घनघोर विरोधी थे। यादव नेताओं की तिकड़ी यानी मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और लालू प्रसाद यादव ने इसका विरोध किया था। अब मुलायम सिंह इस दुनिया में नहीं हैं और शरद व लालू यादव दोनों संसद में नहीं हैं। ज्यादातर पार्टियों ने विरोध छोड़ कर इसका समर्थन शुरू कर दिया है फिर भी इसे नहीं पेश किया जा रहा है।

बिना किसी कानून के अपनी पार्टी में 30 से 40 फीसदी तक महिलाओं को टिकट देने वाली दो पार्टियों- तृणमूल कांग्रेस और बीजू जनता दल ने महिला आरक्षण विधेयक पेश करने की मांग की है। इन दोनों पार्टियों पिछले चुनाव में एक तिहाई से ज्यादा टिकट महिलाओं को दी थी और एक मिसाल कायम की थी। ये दोनों पार्टियां संसद के शीतकालीन सत्र में इस बात की मांग कर रही हैं कि बिल पेश किया जाए। लेकिन केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी किसी खास मौके के इंतजार मे चुप बैठे हैं।

संसद की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने भी इसका समर्थन किया है। बीजू जनता दल और तृणमूल कांग्रेस ने भी महिला आरक्षण बिल लाने की मांग की है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राजस्थान में कहा है कि यह बिल समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि अब भी वैध और जीवित है। असल में इस बिल को मनमोहन सिंह की सरकार के समय राज्यसभा में पास किया गया था। रमेश ने संवैधानिक प्रावधान का जिक्र करते हुए बताया कि चूंकि राज्यसभा कभी भंग नहीं होती है इसलिए वहां से पास होने वाला बिल हमेशा वैध बना रहता है। उनका कहना है कि करीब 11 साल पहले राज्यसभा से पास हुआ महिला आरक्षण बिल अब भी जीवित है और सरकार चाहे तो उसे लोकसभा से पास करा कर कानून बना सकती है। सो, गेंद अब केंद्र सरकार और भाजपा के पाले में है। उसे फैसला करना है कि कब महिला आरक्षण लागू होगा।

> “ भारत को अपने ही बल पर चीन से निपटना होगा। यह स्वाभाविक है कि दूसरे देश अपने-अपने हितों पर अधिक जोर देंगे। हमें अपनी सैन्य शक्ति को बढ़ाना पड़ेगा।

# विश्व समुदाय का चीन पर बढ़ता संदेह

अरविंद गुप्ता



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद में एक बयान दिया, जिसमें उन्होंने तवांग (अरुणाचल प्रदेश) के यांगत्से क्षेत्र में चीन के सैनिकों द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के अतिक्रमण करने की एक विफल कोशिश की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि चीनी पक्ष को इस तरह की हरकतों से बाज आने और सीमा पर शांति बनाए रखने को कहा गया है। उन्होंने देश को आश्वस्त किया कि भारतीय सेनाएं इस तरह के किसी भी प्रयास को 'विफल करती रहेंगी।

चीन का यह अतिक्रमण साल 2020 की गलवान घटना के बाद अत्यंत गंभीर मामला है। 2020 में नियंत्रण रेखा के पश्चिमी क्षेत्र में अतिक्रमण का प्रयास किया गया था, और इस बार लगभग वैसी ही घटना पूर्वी सेक्टर में हुई है। इसका अर्थ है कि दोनों पक्षों के वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की 16 बैठकों के बाद भी चीन को यह कतई परवाह नहीं है कि उसकी ऐसी गतिविधियों से द्विपक्षीय संबंधों पर कितना बुरा असर पड़ सकता है और पड़ रहा है।

भारत के प्रति चीन के व्यवहार को समझने के लिए हमें व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। चीन एक उभरती वैश्विक ताकत है। उसकी टक्कर अमेरिका और उसके सहयोगी देशों से है। वह अमेरिका का प्रभाव विश्व भर में, विशेष रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) में कम करना चाहता है। वह भारत को अमेरिका के साथ देखता है, और इस बात से बेहद परेशान है। वह भारत के विकास और उद्भव को एक चुनौती के रूप में देखता है। उसका यही प्रयास है कि कैसे भारत के बढ़ते प्रभाव को रोका जाए। वास्तविक नियंत्रण रेखा का बार-बार उल्लंघन और अतिक्रमण करके वह नई दिल्ली को एक बड़े दबाव में रखना चाहता है।

चीन के आक्रामक रवैये की कई झलकियां हाल में देखने को मिली हैं। कुछ महीने पहले अमेरिकी संसद की स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद चीन इतना अधिक भड़क गया था कि उसने ताइवान जलडमरूमध्य में अपनी सैन्य गतिविधियां इतनी अधिक बढ़ा दीं कि ताइवान व अमेरिका के साथ युद्ध का खतरा पैदा हो गया था। दक्षिण चीन सागर में उसने 'नाइन डैश लाइन' के भीतर के सभी द्वीपों पर कथित तौर पर अवैध कब्जा कर लिया है। पूर्वी चीन सागर में सेनकाकू द्वीप समूहों को लेकर जापान के साथ उसकी खटपट लगातार चलती रहती है। चीन क्वॉड को, जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं, अपने लिए एक बड़ा खतरा मानता है।

अक्तूबर में हुई चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं कांग्रेस के बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग माओ के बाद चीन के सबसे सशक्त नेताओं के रूप में उभरे हैं। लिहाजा यह मानकर हमें चलना चाहिए कि चीन के तेवर भविष्य में और कड़े होंगे, और द्विपक्षीय संबंधों में तनाव व जटिलताएं बढ़ेंगी। अच्छी बात यह है कि विश्व जनमत चीन के व्यवहार को संदेहास्पद मानता है। अमेरिका की ताजा 'नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटिजी' में बीजिंग को वाशिंगटन की प्रभुता के लिए एक बड़ी चुनौती माना गया है। हिंद-प्रशांत में चीन के आक्रामक रुख के कारण ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन ने परमाणु पनडुब्बियों को बनाने के लिए 'ऑकस' समझौता किया है, जिसे चीन अपने लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में देखता है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान भी त्रिपक्षीय ढांचे में एक-दूसरे के साथ सहयोग करते हैं। इस मंच का उद्देश्य भी चीन से निपटना ही है।

तो क्या मान लिया जाए कि चीन का अरुणाचल प्रदेश में ताजा अतिक्रमण-प्रयास विश्व जनमत को सचेत और सावधान करेगा? क्या ये देश भारत के पक्ष में खुलकर सामने आएंगे और चीन की आलोचना करेंगे? ऐसे निष्कर्ष निकालना फिलहाल ठीक नहीं है। अधिकतर देशों के, और जिसमें भारत भी शामिल है, चीन के साथ व्यापक व्यापारिक संबंध हैं। सैकड़ों विदेशी कंपनियां अब भी चीन में निवेश और कारोबार कर रही हैं। चीन ने मध्य एशिया, अफ्रीका, पश्चिमी एशिया, लातीन अमेरिका के दर्जनों देशों से अपने संबंध बढ़ाए हैं। बेशक अधिकतर देश चीन के आक्रामक रूप को पसंद नहीं करते, लेकिन वे खुलकर उसकी निंदा नहीं करेंगे। यहां तक कि रूस भी, जो हमारा घनिष्ठ मित्र है, आज इस स्थिति में नहीं है कि वह चीन के खिलाफ भारत के साथ खड़ा दिखे।

ऐसी स्थिति में भारत के सामने क्या विकल्प हैं? राजनयिक स्तर पर हमें विश्व को सचेत करना होगा कि चीन के बार-बार अतिक्रमण-प्रयासों को उसकी व्यापक मंशा के रूप में देखा जाए। चीन जो कुछ हमारे खिलाफ कर रहा है, कुछ-कुछ वैसा ही वह जापान, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और अन्य देशों के विरुद्ध भी कर रहा है। हमें क्वाड देशों से आग्रह करना चाहिए कि वे चीन की हालिया अतिक्रमण-साजिश के बारे में अपनी सख्त प्रतिक्रिया दें। साथ ही, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की चीन के संदर्भ में जो चिंताएं हैं, उसके बारे में हमें भी अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

भारत अगले एक साल के लिए जी-20 का अध्यक्ष है। चीन भी इस समूह का सदस्य है। भारत चाहेगा कि सितंबर, 2023 में होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हो, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि भारत किसी प्रकार से अपनी संप्रभुता और अखंडता पर कोई आंच आने दे सकता है। चीन इस गलतफहमी में न रहे कि वह जी-20 शिखर सम्मेलन के चलते भारत की मजबूरी का फायदा उठा सकता है। ऐसा संदेश भारत की तरफ से जाना चाहिए।

कुल मिलाकर, भारत को अपने ही बल पर चीन से निपटना होगा। यह स्वाभाविक है कि दूसरे देश अपने-अपने हितों पर अधिक जोर देंगे। हमें अपनी सैन्य शक्ति को बढ़ाना पड़ेगा, ताकि चीन किसी मुगालते में न रहे। भारत की सैन्य क्षमताओं में और सुधार किया जाना चाहिए। अब हम इस गलतफहमी में नहीं रह सकते कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति और स्थिरता में कोई दिलचस्पी रखता है। हमें सीमा क्षेत्रों में सड़कों, पुलों, सुरंगों, इमारतों और अन्य बुनियादी ढांचों का तीव्र विकास करना होगा। इसी प्रकार, अपनी सैन्य शक्ति को सीमा क्षेत्रों में इस प्रकार तैनात करना होगा कि चीन के साथ किसी अप्रिय स्थिति से बचना सुनिश्चित हो सके। अगर भारत सशक्त होगा, तो इसका संदेश पूरे विश्व को जाएगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भरोसे और विश्वास की बात: भेंट-मुलाकात

पोषण साहू, सहायक जनसंपर्क अधिकारी



लोग उम्मीद और विश्वास से मुख्यमंत्री की तरफ टकटकी लगाए देख रहे है। मुख्यमंत्री से बातचीत मे इतनी ऊर्जा है कि लोग एक ही जगह पर दो घण्टे से बैठकर भी खुद को तरो-ताज़ा महसूस करते हैं। गांव की महिलाएं हो, बुजुर्ग हो, युवा हो, किसान हो सभी अपनी बात कहने को इस कदर आतुर रहते हैं कि बिना माइक के भी जोरदार तरीकें से अपनी बात कह देते हैं।

बातचीत का दौर शुरू होता है। योजनाओ की समीक्षा होती है, बारी-बारी से अपनी बात, योजनाओं की बात, विकास की बात, सुख-दुख की बात जुबां पर आ जाती है। लोग उत्साह के साथ अपनी बात साफ़गोई से करते हैं। मुख्यमंत्री भी पूरी गंभीरता व तन्मयता से लोगों की बात सुनते हैं और समाधान निकलते हैं। मंगलवार को गोपालपुर बसना विधानसभा में एक महिला ने अपनी समस्या रखते हुए वन अधिकार पत्र मैं आ रही दिक्कतों के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने तत्काल इसकी जरूरत को समझते हुए ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करने के लिए सरपंच को मंच से ही निर्देशित किये। इसी तरह एक बालिका ने अपने स्कूल की दो स्थानांतरित शिक्षिकाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने छात्रा की अपने शिक्षिकाओं के प्रति गहरा प्रेम और सम्मान को देखते हुए ट्रांसफर को रोकने के निर्देश दिए। इसी तरह भेंट मुलाकात कार्यक्रमों में लोग अपनी बातों और समस्याओं को खुलकर रखते हैं।

पिरदा भेंट मुलाकात कार्यक्रम में जब मुख्यमंत्री बघेल लोगों से उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेने खुद पहुंचे तो आठ वर्षीय दृष्टिबाधित बालक हिमांशु पसायत के लिए उसके पिता ने मुख्यमंत्री से मदद मांगी। ग्राम-जगत के निवासी हिमांशु के पिता प्रमोद पसायत की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, वे मजदूरी करते हैं, बेटे का इलाज कराना चाहते हैं।

मंगलवार को ही बसना के पिरदा में पता चला कि नन्हें हिमांशु की आंखों में रोशनी नहीं है मगर उसके कंठ से सुरीले स्वर फूटते हैं। वह तीन भाषाओं हिंदी, छत्तीसगढ़ी और उड़िया में सुमधुर गायन करता है। हिमांशु पांच वर्ष की आयु से संगीतमयी प्रस्तुति देता है। मुख्यमंत्री ने हिमांशु के पिता की गुहार सुनी और हिमांशु की हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया। बुधवार को खल्लारी के एम के बाहरा में एक दिव्यांग ने बताया कि वे अपनी दोनों आंखों को भालू के हमले में खो चुके हैं। अब उन्हें इलाज के लिए सहायता की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए इलाज के लिए 2 लाख रुपये देने की घोषणा की। ऐसे ही कई प्रकरण है, जिन्हें भेंट मुलाकात के मंच पर समाधान होते देखा जा सकता है।

यहीं एक दिव्यांग नईम मोहम्मद खान ने अपनी घुटनो के इलाज के लिए गुहार लगाई तो मुख्यमंत्री ने 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। आम जनता अपनी उम्मीदों और भरोसे के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में आते हैं और हंसते-मुस्कुराते हुए उसी भरोसे के साथ लौट जाते हैं । वास्तव में भेंट- मुलाकात जनता के साथ सुख-दुख साझा करने का सार्थक मंच बन गया है, जो अब भी जारी है।

ज्ञातव्य है कि इन दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकत कार्यक्रम के तहत लोगों से सीधे बात कर रहे हैं। उनके साथ सुख -ख की बातें साझा करते हुए योजनाओं की जानकारी भी ले रहें हैं।

# छत्तीसगढ़ मॉडल: गांवों में आ रही तेजी से समृद्धि

घनश्याम केशरवानी, ओ.पी. डहरिया



छत्तीसगढ़ के गांवों में इन दिनों खुशी का माहौल है। गांव-गांव धान खरीदी चल रही है। किसानों की जेब में पैसा भी आ रहा है। गांवों में खेती किसानी का तरीका बदलते जा रहा है। सुदूर वनांचल क्षेत्रों में भी किसानों को ट्रैक्टर चलाते और आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करते देखा जा सकता है। दरअसल इन बदलावों के पीछे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की किसान हितैषी नीतियां और कार्यक्रम हैं। उन्होंने सरकार बनते ही किसानों का कर्जा लम्बे समय बकाया सिंचाई कर माफकिया इसके साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की पहल शुरू की। पिछले चार सालों में किसानों-मजदूरों और गरीबों की जेब में एक लाख करोड़ रूपए से अधिक की राशि डाली गई है। इसका असर उद्योग और व्यापार जगत में देखने को मिला। कोरोना संकट काल में जहां देश में आर्थिक मंदी रही, वहीं छत्तीसगढ़ में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

छत्तीसगढ़ में समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, इसके लिए छत्तीसगढ़ में विकास का नया मॉडल अपनाया गया। जहां सभी वर्गों के विकास के लिए न्याय योजनाओं की शुरूआत की गई है। इस मॉडल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर मुख्य फोकस है। राज्य में लगभग 31 लाख हेक्टेयर में धान की खेती होती है। समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए राज्य में ढाई हजार से भी अधिक धान खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। धान खरीदी की पूरी व्यवस्था कम्प्यूटरीकृत की गई है। इस व्यवस्था के माध्यम से किसानों को धान खरीदी की राशि ऑनलाइन मिल रही है। किसानों को धान बेचने में सुविधा के लिए एक मोबाईल एप 'टोकन तुंहर हाथ' भी बनाया गया है। इसके माध्यम से धान खरीदी के लिए टोकन जारी किया जाता है इससे धान बेचने में किसानों को कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

सुराजी गांव योजना में बनाए जा रहे गौठान से खुले में पशुओं की चराई पर रोक लगी है। वहीं इससे किसान आसानी से दोहरी फसल ले रहे है। गोधन न्याय योजना में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट तैयार किए जा रहे है। इससे किसानों और पशुपालकों की आय में इजाफा हो रहा है। नरवा योजना से भू-जल स्तर को बनाए रखने में मदद मिल रही है। बाड़ी योजना से पोषण स्तर में वृद्धि हो रही है। घुरूवा योजना में स्मार्ट घुरूवा बनाए जा रहे है। इसके अलावा लगभग 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क गौठानों में विकसित किए जा रहे है। इससे युवाओं को स्वरोजगार का मौका मिल रहा है।

राज्य में लघू और सीमांत किसानों की स्थिति को समझते हुए तथा खेती-किसानी की व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए इनपुट सब्सिडी की व्यवस्था की गई। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत किसानों को 9 हजार रूपए की इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। धान के बदले उद्यानिकी, कोदो-कुटकी आदि की फसल लेने वाले किसानों को 10 हजार रूपए की इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। इससे किसानों में खेती-किसानी के प्रति उत्साह बढ़ा है। किसानों की संख्या में वृद्धि के साथ ही खेती का रकबा भी बढ़ते जा रहा है।

छत्तीसगढ़ मॉडल से राज्य में कृषि एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में बदलते जा रहा है। इस मॉडल में किसानों को इनपुट सब्सिडी के साथ सस्ते दर पर विद्युत और शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती-किसानी के लिए ऋण की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा इस मॉडल में खेती के सहायक उद्योग-धंधे को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मछली पालन और लाख उत्पादन को खेती का दर्जा दिया गया है। मत्स्य पालन और लाख उत्पादन करने वाले किसानों को कृषि के समान ही दी जाने वाली सुविधाएं मिल रही हैं।


क्लाइमेट चेंज और किसानों की आय बढ़ाने की ओर भी ध्यान दिया जा रहा है। किसानों को सोलर ड्यूल पंप और लघू-सीमांत किसानों को सामुदायिक सौर सिंचाई परियोजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इससे वनांचल क्षेत्र में जहां अभी तक विद्युत नहीं पहुंची है वहां रहने वाले किसानों को भी सिंचाई सुविधा का लाभ मिल रहा है। सामान्य क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने के मद्देनजर सोलर ड्यूल पंप अनुदान पर दिये जा रहे हैं।

राज्य में उद्यानिकी फसलों की संभावनाओं को देखते हुए किसानों को उद्यानिकी खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को माइक्रोइरीगेशन, ग्रीन हाउस, शेडनेट और मलचिंग के लिए अनुदान दिया जा रहा है। उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए शाकम्भरी बोर्ड का गठन किया गया है। युवाओं को उद्यानिकी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए पाटन में उद्यानिकी विश्वविद्यालय के साथ ही नये उद्यानिकी महाविद्यालय भी प्रारंभ किए जा रहे हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान दी विकास कार्यों के लिए करोड़ों की मंजूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद जिले के विकासखण्ड मुख्यालय बागबाहरा में विभिन्न समाज एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमण्डल से भेंट–मुलाकात के दौरान कहा कि गांधीग्राम तमोरा में स्कूल का नामकरण रघुवर सिंह दीवान और दयावती के नाम से रखा जाएगा। घुचापाली से दूमारपाली के लिए सड़क निर्माण किया जाएगा।**

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर एक–एक कर सभी समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से सामाजिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही उनसे शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में भी फीडबैक लिया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न सामाजिक संगठन द्वारा जमीन की मांग पर कहा कि भवन के लिए जमीन का मालिकाना हक होने पर नियमानुसार राशि स्वीकृत की जाएगी।



मुख्यमंत्री को कंवर समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा देने के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ब्राम्हण समाज ने राज्य सरकार के उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गोबर क्रय और ऋण माफी अच्छी योजना है। गाड़ा समाज ने मुख्यमंत्री को गाड़ा बोर्ड गठन करने का आग्रह किया। उन्होंने गाड़ा बाजा को प्रोत्साहित करने और इसे राजकीय बाजा घोषित करने का भी अनुरोध किया। गोड़ समाज ने मुख्यमंत्री को गांधीग्राम तमोरा में मेला में आने का न्यौता दिया।

मुख्यमंत्री ने कमार समाज को वन अधिकार पट्टे के लिए ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कराने की बात कही। इसी प्रकार कोसरिया समाज को वन पट्टा स्वीकृति के लिए अधिकारियों को परीक्षण करने के निर्देश दिए। स्वर्णकार समाज ने मुख्यमंत्री से आयोग गठन करने का आग्रह किया। इसी प्रकार नाचा गम्मत संघ ने भी आयोग गठन का आग्रह किया। मसीह समाज द्वारा बागबाहरा में सामुदायिक भवन और कब्रिस्तान की मांग की। सिक्ख समाज ने मुख्यमंत्री को कृपाण भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विभिन्न समाजों की मांग पर सामाजिक भवन और अन्य कार्यों के लिए सिक्ख समाज को बागबाहरा में गुरूद्वारा निर्माण के लिए 25 लाख रूपए, साहू समाज बागबाहरा में भवन के लिए 20 लाख रूपए, खल्लारी में कंवर समाज के बच्चों के आश्रम के लिए 20 लाख रूपए, बंजारा समाज के भवन के लिए 20 लाख रूपए, गाड़ा समाज को बागबाहरा में सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रूपए, अग्रवाल समाज को तेन्दूकोना में सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रूपए और मुक्तिधाम के लिए 8 लाख रूपए, ब्रम्हाण समाज को कोमाखान में भवन के लिए 15 लाख रूपए, बागबाहरा में अघरिया समाज के हॉस्टल के लिए 15 लाख रूपए, पनिका समाज को सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख रूपए, कोमाखान में देवांगन समाज के सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख रूपए, मुस्लिम समाज को नर्रा में जमीन और कोमाखान में भवन के लिए 10–10 लाख रूपए, सतनामी समाज के लिए बुंदेली, सुअरमाल, फिरगी में सामाजिक भवन के लिए 10–10 लाख रूपए की स्वीकृत प्रदान की।

# एक्सटेन्डेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को लागू करने में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे स्थान पर

**केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने राष्ट्रीय मातृत्व स्वास्थ्य कार्यशाला में प्रदेश को किया सम्मानित**

**प्रदेश में इस साल अप्रैल से नवम्बर के बीच 1.49 लाख गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई**




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एक्सटेन्डेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को लागू करने में देश में दूसरे स्थान पर है। केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने आज नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मातृत्व स्वास्थ्य कार्यशाला में प्रदेश को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

राज्य में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अप्रैल माह से नवम्बर माह के बीच एक लाख 48 हजार 851 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रदेश में हर माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की जाती है। एक्सटेन्डेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत अब हर महीने 9 तारीख के साथ ही 24 तारीख को भी एएनसी जांच की जा रही है।

राष्ट्रीय मातृत्व स्वास्थ्य कार्यशाला में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम की संयुक्त संचालक डॉ. अल्का गुप्ता, रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेंद्र अग्रवाल और राज्य सलाहकार सुश्री अभिलाषा शर्मा ने प्रदेश की ओर से नई दिल्ली में यह पुरस्कार ग्रहण किया।

मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में छत्तीसगढ़ की टीम द्वारा हाई रिस्क प्रेगनेंसी ट्रैकिंग गाइडलाइन पर पोस्टर प्रस्तुत किया गया। पोस्टर के माध्यम से हाई रिस्क प्रेगनेंसी की जल्द से जल्द पहचान कर उपचार कैसे की जा रही है, यह बताया गया है।

## खास खबर

### रायगढ़ जिले में समावेशी शिक्षा अंतर्गत वातावरण निर्माण का 10 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में समावेशी शिक्षा अंतर्गत वातावरण निर्माण का 10 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। विदित हो कि कक्षा में समावेशी वातावरण के निर्माण अंतर्गत कक्षा में सामान्य व विशेष छात्रों में भेदभाव ना हो नि:शक्त छात्रों की सहायता उनके साथ सभी बैठने वाले करें, अधिगम प्रक्रिया में दोनों प्रकार के छात्र सहभागी हों, नि:शक्त बालक के प्रति शिक्षक व सामान्य छात्रों की संवेदनशीलता हो, इसी महती उद्देश्य को लेकर रायगढ़ जिले समावेशी शिक्षा अंतर्गत वातावरण निर्माण का दस दिवसीय प्रशिक्षण 5 दिसंबर से अनवरत चल रहा था। जिला स्तरीय समावेशी शिक्षा अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षकों का वातावरण निर्माण प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ श्री बी. बाखला की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस से लगातार दसवें दिन तक वातावरण निर्माण परीक्षण में जिले भर से आए 200 शिक्षकों ने हिस्सा लिया था। उक्त प्रशिक्षण में 5 दिन ब्रेल लिपि आधारित एवं 5 दिन सांकेतिक भाषा पर प्रशिक्षण हुआ जिसके अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों को सामान्य विद्यार्थियों के साथ कैसी शिक्षा प्रदान किया जाए इस पर जोर देते हुए प्रत्येक शिक्षकों को संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया। समापन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी बाखला ने समावेशी शिक्षा अंतर्गत वातावरण निर्माण की प्रक्रिया में शिक्षकों की भूमिका के बारे में वक्तव्य देते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा में एक अध्यापक अपने छात्रों को मानसिक शारीरिक मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है ताकि सभी छात्रों का पूर्ण विकास हो सके। जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी ने कहा कि एक सामान्य शिक्षक अपनी कक्षा में सभी प्रकार के बच्चों के लिए एक मार्गदर्शक बने, उसका उत्तरदायित्व न सिर्फ कक्षा के भीतर हो बल्कि बाहर भी अनंत तक हो।

**संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के कबड्डी मैच के फाईनल में दिखी लॉयन जंप, बैक किक और चैन टेकल टेक्निक**

# 23 खेलों में गोल्ड हासिल कर बालोद बना ओव्हर ऑल चैंपियन, दुर्ग दूसरे स्थान पर

- 348 प्रतिभागी राज्य स्तर पर दुर्ग संभाग का करेंगे प्रतिनिधित्व
- 45 मिनट लगातार चला फुगड़ी का खेल, 65 वर्षीय वृद्ध ने भी गेड़ी खेल में लिया भाग

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़ी ओलंपिक के 6 एकल और 8 दलीय खेल प्रतियोगिताओं में अपना हुनर दिखाने वाले प्रतिभागियों को आज भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अरुण वोरा द्वारा सम्मानित किया गया। खेल कार्यक्रम में दुर्ग संभाग के सातों जिले से कुल 2436 प्रतिभागियों ने 14 खेल श्रेणियों गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो–खो, रस्साकशी, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेढ़ी दौड़, भौंरा, 100 मीटर की दौड़ और लंबी कूद में भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।




संभाग स्तरीय इस आयोजन में बालोद ने अलग–अलग आयु वर्ग में 23 खेलों में गोल्ड प्राप्त किया और ओव्हर ऑल चैंपियन का पद धारण किया। वहीं दुर्ग ने 19 खेलों में गोल्ड हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 15, 09, 08, 07, 03 खेलो में गोल्ड हासिल कर क्रमश: राजनांदगांव, कबीरधाम, बेमेतरा, खैरागढ़ और मोहला–मानपुर ने क्रमवार तय पद प्राप्त किये। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में इसमें 348 प्रतिभागी राज्य स्तर पर दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में लॉयन जंप, बैक किक और चैन टेकल जैसे टेक्निक का उपयोग करते कबड्डी खिलाड़ी दिखाई दिए। खो–खो, रस्साकसी और संखली में भाग लेने वाले प्रतिभागी भी प्रोफेशनल लेवल के खिलाड़ियों को टक्कर देते दिखाई दे रहे थे। रस्साकसी में भाग लेने वाली महिला प्रतिभागी कु. वीणा बारले ने बताया कि उनकी टीम ने बॉडी वेट टेक्निक का उपयोग अपने खेल में किया। जिसके कारण ही उनकी टीम संभाग स्तर पर विजेता बन सकी।

लगातार 45 मिनट चला फुगड़ी का खेल, 65 वर्षीय वृद्ध ने भी गेड़ी खेल में लिया भाग – संभाग स्तरीय ओलंपिक में कबीरधाम जिले की स्नेहा ने लगातार 45 मिनट तक फुगड़ी कर अपनी प्रतिद्वंदी नम्रता को हराया। 45 मिनट लगातार चली इस प्रतिस्पर्धा से ही खेल के रोमांच का पता लगाया जा सकता है। प्रतिद्वंदी भी जिस तरीके से डटी रही यह उसके हार न मानने के साहस का परिचय देता है। दुर्ग विकासखंड के भेड़ेसरा ग्राम पंचायत से 65 वर्षीय श्रीमती मनटोरिया निषाद ने भी गेड़ी के खेल में भाग लिया और तृतीय स्थान हासिल किया। इससे स्पष्ट होता है कि उम्र केवल एक अंक है। बच्चों और बुढ़ों सभी ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल को लेकर जबरदस्त उत्साह का प्रदर्शन किया और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया।

मोबाइल मेडिकल यूनिट, पानी व ग्लूकॉन डी से प्रतिभागी दिखे संतुष्ट– संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों में भाग लेने आए प्रतिभागियों के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट भी उपलब्ध कराई गई थी। ताकि मौके पर ही उनका प्राथमिक उपचार कराया जा सके। प्रतिभागियों को डी हाईड्रेशन जैसी समस्यों से न गुजरना पड़े इसके लिए समुचित मात्रा में पानी और ग्लूकॉन डी के रूप में ग्लू–कोज की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही प्रतिभागियों को सही समय पर नाश्ता व भोजन उपलब्ध हो इसके लिए उचित प्रबंधन कराया गया।

# नवा रायपुर के प्रभावित किसानों को आवासीय पट्टा प्रदान करने हुई चर्चा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। नवा रायपुर के प्रभावित किसानों को आवासीय पट्टे प्रदान करने की मांग को लेकर कृषि मंत्री की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में विस्तृत विचार विमर्श हुआ। चर्चा में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया एवं आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर शामिल हुए।**

बैठक में यह भी तय किया गया कि इस संबंध में आगामी बैठक 19 दिसम्बर को कृषि मंत्री के आवास पर होगी। बैठक में कलेक्टर रायपुर एवं एन.आर.डी.ए. के अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक जानकारी और अभिलेख तैयार रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, कलेक्टर रायपुर सर्वेश्वर दयाल भुरे एवं एनआरडीए की सीईओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।






# मानव पशु प्रेम की अदभुत मिसाल पेश करने वाले श्री चंडी माता मंदिर में मुख्यमंत्री ने किए दर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मानवङ्कपशु प्रेम की अनोखी मिसाल पेश करने वाले श्री चंडी माता मंदिर में विधिवत पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की ।**

मुख्यमंत्री ने श्री चंडी माता मंदिर प्रांगण में हर संध्या मंदिर तक विचरण करने वाले भालुओं को देखा । यह मंदिर मानवङ्कपशु प्रेम और साहचर्य की अदभुत मिसाल पेश करता है। श्री चंडी माता मंदिर में हर संध्या पूजन के समय भालुओं का दल स्वत: पहुंच आता है। मुख्यमंत्री ने मंदिर तक आने भालुओं की संख्या और उनके व्यवहार के संबंध में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि ये भालू हिंसक नहीं हैं। लोगों की मान्यता है कि ये भालू श्री चंडी माता के भक्त हैं जो रोज माता के दर्शन को आते हैं। मंदिर प्रबंधकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि ये भालू दर्शनार्थियों के साथ पूरी तरह से घुल मिल जाते हैं।



विगत कई वर्षों से भालुओं का मंदिर तक आने का सिलसिला कायम है। वर्तमान में सुरक्षा की दृष्टि से जाली और बैरिकेडिंग लगाई गई है। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा भालुओं को खाद्य सामग्री खिलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मुख्यमंत्री को प्रबंधकों ने बताया कि लोगों ने इन भालुओं को प्रेम से लव, प्रिंस और छोटी का नाम दिया है।







# छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन के निरंतर प्रयास कर रही है राज्य सरकारः मंत्री भेंड़िया

## बालोद जिला स्तरीय युवा उत्सव का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ

## लोक कलाकारों की नयनाभिराम प्रस्तुति से दर्शक हुए अभिभूत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक संजारी-बालोद संगीता सिन्हा उपस्थित थीं।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भेंडिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप आज छत्तीसगढ़ की पहचान पूरे देश एवं दुनिया में बनी है। छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत की जानकारी नई पीढ़ी को देना अत्यंत आवश्यक है, जिससे कि हमारी आगामी पीढ़ी को अपने संस्कृति का गौरवबोध हो सके। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा युवा महोत्सव, राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक आदि आयोजनों से अपने विरासत को सहेजने तथा इसकी विशिष्टता को पूरे देश और दुनिया को अवगत कराने का कार्य किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप देश और दुनिया में छत्तीसगढ़ की ख्याति फैल रही है।

मंत्री भेंडिया ने नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, रीति-रिवाज, परम्परा, खान-पान सहित संस्कार को भी अक्षुण्ण बनाए रखने की अपील की और बालोद जिले के कलाकारों के कलात्मक प्रतिभा की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में बालोद जिले के विकासखण्डों के लोक कलाकारों की गीत संगीत की प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को अभिभूत हुए, जिससे कि युवा उत्सव का यह आयोजन हर्षोत्सव एवं गर्वोत्सव में बदल गया। कुल 685 प्रतिभागियों ने युवा महोत्सव के विभिन्न 36 विधाओं में भाग लेकर अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान लोक कलाकारों द्वारा डण्डा नृत्य, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, पण्डवानी आदि की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, प्रतिभागी कलाकारों के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## शिक्षा का अधिकार अधिनियम के कार्यों का संचालन अब समग्र शिक्षा से

**रायपुर।** राज्य में संचालित नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 (शिक्षा का अधिकार) योजना का संचालन अब समग्र शिक्षा कार्यालय द्वारा किया जाएगा। अभी तक यह योजना का संचालक लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संचालित की जा रही थी। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के अधिकार योजना के तहत सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) पोर्टल के माध्यम से लाभार्थियों के दावा निपटारा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) मोड से किए जाने और योजना के समस्य कार्य, प्रबंधन का दायित्व संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के स्थान पर प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय को सौंपा है। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) अंतर्गत नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार 2009 की योजना भारत सरकार वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के पत्र द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना के फंड विमुक्त करने और उनके उपयोग के निगरानी की संशोधित प्रक्रिया निर्धारित है। विभागीय आदेश द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना के तहत इस योजना में सिंगल नोडल एजेंसी और योजना के नोडल अधिकारी समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय छत्तीसगढ़ को घोषित किया गया है। योजना के समस्त दायित्व, निर्वहन एवं जिम्मेदारी के लिए समग्र शिक्षा निर्धारित है।

## धान खरीदी महाअभियानः किसानों से अब तक 49.27 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

### राज्य के 12.70 लाख किसानों को ऑनलाईन 10133 करोड़ रूपए का भुगतान

### कस्टम मिलिंग के लिए 28.98 अधिक का हुआ उठाव

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का आकड़ा अनुमानित लक्ष्य 110 लाख मीट्रिक टन की ओर निरंतर बढ़ता जा रहा है। धान खरीदी महाअभियान के तहत अब तक 49 लाख 27 हजार मीट्रिक टन धान का उपार्जन हो चुका है, जिसके एवज में राज्य के 12 लाख 70 हजार किसानों को 10133 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री के मागदर्शन में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ था। किसानों को धान विक्रय में सहुलियत एवं मिलर्स के धान उठाव के लिए बारदाने की भी बेहतर व्यवस्था के कारण सफलतापूर्वक धान की खरीदी एंव कस्टम मिलिंग हुई थी। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 37 लाख 43 हजार मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके एवज में मिलर्स द्वारा 28 लाख 98 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए सामान्य टोकन के साथ ही ऑनलाइन टोकन जारी करने की व्यवस्था की गई है। जिसके चलते किसानों को सहूलियत होने लगी है। बड़ी संख्या में किसान टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से धान बेचने के लिए अपनी मर्जी के मुताबिक तिथि का चयन कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि इस साल राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2594 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है।

## स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने 'हमर लैब' का किया अवलोकन

'हमर लैब' की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा देश के कई बड़े शासकीय अस्पतालों में भी नहीं है इस तरह का लैब

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने रायपुर जिला अस्पताल में संचालित 'हमर लैब' का अवलोकन किया। 'हमर लैब' देखने के बाद उन्होंने इसकी सराहना करते हुए कहा कि देश के कई बड़े सरकारी अस्पतालों में भी इस तरह का लैब नहीं है। 'हमर लैब' के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. अभ्युदय शक्ति तिवारी ने उन्हें 'हमर लैब' के संचालन की पूरी प्रक्रिया और मरीजों हेतु उपलब्ध जांच की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

राज्य नोडल अधिकारी डॉ. तिवारी ने स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल को बताया कि अभी प्रदेश के दस जिला अस्पतालों और चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 'हमर लैब' का संचालन किया जा रहा है। जिला अस्पतालों के 'हमर लैब' में 120 तरह के और सीएचसी के 'हमर लैब' में 50 तरह की जांच की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि 'हमर लैब' के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण पैथोलॉजी जांच की सुविधा मरीजों को मुहैया कराई जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट भी दिए गए मोबाइल नंबर और मेल आईडी पर भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही देश का पहला विकासखंड स्तर का पब्लिक हेल्थ इकाई एवं हमर लैब के इंटीग्रेटेड मॉडल की स्थापना प्रदेश के दुर्ग जिले के पाटन में की गई है।

## ग्रामीण युवा उद्यमियों को सशक्त बनाएंगे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में प्रदेश में निर्मित गौठान अहम योगदान निभा रहे हैं। ग्रामीणों और युवाओं को नये उद्यमों की स्थापना और रोजगार सृजन के लिए रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्कों की शुरूआत की है। रूरल इंडस्ट्रियल पार्क को ग्रामीण आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से कैसे सशक्त बनाएं एवं कैसे ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण इसका लाभ ले सकें इसके लिए नया रायपुर स्थित राज्य योजना आयोग कार्यालय में आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राज्य शासन द्वारा गठित विभिन्न बोर्डों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि शामिल हुए।

रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में आजीविका गुड़ी के माध्यम से सभी वर्गों के परंपरागत व्यवसायों को स्थान मिलेगा। यह कार्यशाला रूरल इंडस्ट्रियल पार्क विषय पर राज्य शासन के विभिन्न बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के लिए विशेष रूप से आयोजित की गई इस कार्यशाला को मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा सम्बोधित करते हुए रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की विस्तृत जानकारी दी तथा गौठानों के संचालन के बारे में भी बताया। इसके साथ ही उन्होंने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में आगे की कार्ययोजना को लेकर भी जानकारी दी और विभिन्न बोर्ड के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों से वर्तमान कार्यों एवं नई तकनीक को लेकर विचार-विमर्श किया।

## राज्य में 14 लाख किसानों को 5738 करोड़ रूपए का कृषि ऋण वितरित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्य में सहकारी बैंकों के माध्यम से अब तक 14 लाख किसानों को 5 हजार 738 करोड़ रूपए का ब्याज मुक्त कृषि ऋण वितरित किया जा चुका है। धान के बदले अन्य फसलों जैसे उद्यानिकी, दलहन-तिलहन एवं मिलेट्स के लिए 17 हजार 818 किसानों को 70 करोड़ रूपए का ऋण वितरण भी किया जा चुका है। अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में यह जानकारी सहकारी बैंकों के अधिकारियों ने दी।

अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा विगत 4 वर्षों में किसानों के हित में अनेक क्रांतिकारी फैसले लिए गए। सहकारी समितियों का विस्तार हुआ और आर्थिक तौर पर मजबूत हुआ। किसानों को सहकारिता के माध्यम से कृषि आदान सहायता राशि किसानों के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई, इससे किसान समृद्ध व खुशहाल हुआ। राज्य में किसान हितैषी महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।

जिलेवार समीक्षा बैठक में बताया गया कि 12 दिसम्बर तक छत्तीसगढ़ में 11 लाख 59 हजार 513 किसानों से 44.57 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके लिए सहकारी बैंकों के माध्यम से 8 हजार 503 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों के बैंक खाते में किया जा चुका है। चालू फसल वर्ष में 6610 करोड़ रूपए के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में धान खरीदी, ब्याज मुक्त कृषि ऋण, धान के अलावा अन्य फसलों के लिए कृषि ऋण, मत्स्य पालन, उद्यानिकी फसल के लिए ऋण, ग्रामीण गौठान-रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, वर्मी कम्पोस्ट, किसान क्रेडिट कार्ड और कृषि ऋणों की वसूली की समीक्षा की गई।

बैठक में अपेक्स बैंक के संचालक सदस्य द्वारिका साहू, शंकर सोढ़ी, अजय बंसल, राकेश सिंह ठाकुर, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक जगदलपुर शंकर धुरवा, अम्बिकापुर रामदेव राम, दुर्ग राजेन्द्र साहू, बिलासपुर प्रमोद नायक, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक के.एन. कांडे, अपेक्स बैंक के डीजीएम भूपेश चन्द्रवंशी, एजीएम अजय भगत, प्रबंधक सी.पी. व्यास, ए.के. लहरे और अभिषेक तिवारी, लेखाधिकारी विमल सिंह एवं प्रभाकर कांत यादव उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# आत्मविश्वासी बनने के लिए खुद से प्यार करना है जरूरी, अपनाएं ये 5 तरीके

बहुत लोग ऐसा सोचते हैं कि खुद से प्यार आपको स्वार्थी और अहंकारी बनाता है, लेकिन यह सच नहीं है। अपने आप से प्यार नहीं करना आपको अपनी इच्छाओं और सपनों के प्रति कम आत्मविश्वास और अयोग्य महसूस कराता है। वहीं जब आप खुद से प्यार करते हैं तो आप ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करते हैं जिससे सपनों को पूरा करने में मदद मिलती है। आइए आज आत्मविश्वासी बनने के लिए खुद से प्यार करने के पांच टिप्स जानते हैं।




## अपने शरीर का ख्याल रखें

आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों एक-दूसरे से बहुत जुड़े होते हैं। जब तक आप स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली धूम्रपान और शराब का सेवन जैसी आदतें नहीं छोड़ेंगे, तब तक आप आत्मविश्वास महसूस नहीं कर पाएंगे। इसके लिए आपको एक स्वस्थ आहार खाने, रोजाना एक्सरसाइज करने, योग का अभ्यास करने और पर्याप्त नींद लेने जैसे तरीके आजमाने चाहिए।

## दूसरों से अपनी तुलना करना बंद करें

दूसरों के साथ खुद की तुलना करना एक स्वाभाविक व्यवहार है और इससे बचना आसान नहीं है। जब आप अपनी तुलना दूसरों से करते हैं तो आपको अपने खुद के विचार और सोच को महसूस करने में दिक्कत होती है। इसी वजह से आपको जब लगे कि आप अपनी तुलना दूसरों से कर रहे हैं तो खुद को वहीं रोक दें क्योंकि यह आपके आत्मविश्वास के लिए हानिकारक है।

## माफ करना सीखें और खुद से नरम स्वभाव रखें

अगर आप हमेशा अपनी पुरानी गलतियों पर पछताते रहते हैं तो इससे आपका आत्मविश्वास कम हो जाता है। जब आपको लगता है कि आपने कोई गलती की है या किसी काम को करने में असफल हो गए हैं तो ऐसे में अपने आप से दया का व्यवहार रखें। अपनी पिछली गलतियों के लिए खुद को माफ करना सीखें। इसकी मदद से आप भावनात्मक रूप से ज्यादा नरम रह सकते हैं और चुनौतीपूर्ण भावनाओं को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं।

## खुद से सकारात्मक बातें करें

हमारी अधिकांश जिंदगी इस बात पर निर्भर करती है कि हम खुद के बारे में क्या सोचते हैं। अगर आप हमेशा नकारात्मक सोचेंगे और बातें करेंगे तो आपको लगेगा कि आप ये काम नहीं कर सकते हैं क्योंकि यह बहुत मुश्किल है। इसके लिए फिर आप कोशिश भी नहीं करते हैं। वहीं खुद से सकारात्मक बातें करने से आपके मन से संदेह दूर होते हैं और नई चुनौतियों का सामना करने में आपको मदद मिलती है।

## अपने आसपास सकारात्मक लोगों को रखें

अगर आप अपना ज्यादातर समय सकारात्मक लोगों के साथ बिताएंगे तो यह खुद की देखभाल करने वाली सभी गतिविधियों में से सबसे अच्छी होगी। उन लोगों से दूर रहें जो आमतौर पर आपकी आलोचना करते हैं या नकारात्मक सोचते हैं। जिन लोगों के साथ आप ज्यादा समय बिताते हैं, उनके बारे में आपके विचार आपको प्रभावित करते हैं, इसलिए ऐसे लोगों के साथ रहें जो आपकी परवाह करते हैं और आपके लिए अच्छा सोचते हैं।

# सर्दियों में इन उपायों से बनाए अपनी त्वचा को कोमल



सर्दी, खांसी और फ्लू जैसी मौसमी बीमारियों के प्रति हमें अधिक संवेदनशील बनाने के अलावा, सर्दियों का मौसम हमारी त्वचा और बालों पर भी कहर बरपाता है। यह हमारी त्वचा से नमी को छीन लेता है, जिससे यह शुष्क, परतदार और बिखरी हुई हो जाती है। सर्दी नमी और तापमान में बदलाव लाती है जो शुष्क त्वचा के लिए एकदम सही स्थिति पैदा करती है, जिसे जेरोसिस भी कहा जाता है। सर्दियों के दौरान, एपिडर्मिस (त्वचा की सबसे बाहरी परत) की पतली बाहरी सतह, जिसे त्वचा बाधा भी कहा जाता है, सुरक्षा की एक परत बनाती है जो हानिकारक विषाक्त पदार्थों को शरीर में प्रवेश करने से रोकती है। हालांकि, चूंकि सर्दियों के दौरान त्वचा की बाधा में कम नमी और कम लिपिड होते हैं, यह सूखापन और जलन में योगदान देता है।

जैसे, हवा में झनझनाहट आपके स्किनकेयर रूटीन में हलचल मचाने के लिए एक निमंत्रण है ताकि आपका चेहरा ठंड और कठोर मौसम का खामियाजा न भुगते। सर्दियों में त्वचा रूखी हो जाती है। इसलिए, सर्दियों के महीनों में भी आपकी त्वचा का रूखापन कम करने और आपकी त्वचा को कोमल बनाए रखने के लिए आपको अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव करने होंगे।

## शावर कम रखें

सर्दियों में जहां गर्म पानी से नहाना बहुत आरामदायक होता है, वहीं यह आपकी त्वचा के लिए वास्तव में अच्छा नहीं होता है। अगर आप गर्म पानी से नहाना पसंद करते हैं, तो शॉवर की अवधि कम रखें। अगर आपकी त्वचा और भी रूखी है, तो बाल्टी से नहाना बेहतर है। गर्म पानी से नहाते वक्त बाल्टी में 8-10 चम्मच नारियल का तेल डालें।

## रोजाना साबुन के इस्तेमाल से बचें

रोजाना साबुन का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा रूखी हो सकती है। इसे हफ्ते में एक या दो बार इस्तेमाल करें। आप सिर्फ कांख और कमर पर ही रोजाना साबुन लगाएं।

## अपनी स्किनकेयर गतिविधियों को बदलें

जो लोग स्किनकेयर एक्टिव हैं, उनके लिए सैलिसिलिक एसिड, ग्लाइकोलिक एसिड और रेटिनोइड्स जैसे एजेंटों के साथ धीमी गति से चलने का समय है। आप इन सामग्रियों के साथ सीरम जोड़ सकते हैं, जैसे नियासिनमाइड, पेप्टाइड्स, सेंटेला, पैन्थेनॉल, एलांटोइन, हाइलूरोनिक एसिड या सेरामाइड जो त्वचा पर कोमल होते हैं।

## गाढ़े मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें

अपने रेगुलर मॉइश्चराइजर को मोटे मॉइश्चराइजर से बदलना भी उतना ही जरूरी है। सेरामाइड्स, कोलाइडल दलिया, शीया मक्खन, कोकोआ मक्खन या ग्लिसरीन के साथ मॉइस्चराइजर सर्दियों के महीनों के दौरान अच्छी तरह से काम करते हैं।

## नारियल का तेल

रूखी और बेजान त्वचा के लिए नारियल का तेल एक बेहतरीन मॉइश्चराइजर का काम करता है। बस तेल की कुछ बूंदों को गर्म करें और इससे अपने चेहरे पर मालिश करें। आप इसे 15 से 20 मिनट या रात भर के लिए भी छोड़ सकते हैं और इसे साबुन से धो सकते हैं। समय-समय पर अपने तेल में थोड़ी सी चीनी मिलाएं और अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट करने के लिए इसका इस्तेमाल करें। इसके अलावा, जब उस भीषण ठंड में आप लगातार अपनी नाक सूंघते और फूंकते हैं, तो नारियल के तेल की कुछ बूंदें आपकी नाक के आसपास की चिड़चिड़ी त्वचा को शांत करने में मदद कर सकती हैं। यह घरेलू उपाय आपकी त्वचा को कम से कम प्रयास के साथ ओसयुक्त ताजा रूप प्राप्त करने में मदद करता है।

# इच्छाशक्ति वजन घटाने की योजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा : पिया बाजपेयी



दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपने काम के लिए पहचानी जाने वाली पिया बाजपेयी ने अपने खाने की आदतों और वर्कआउट शेड्यूल के बारे में बात की, जो उन्हें एक उचित फिगर बनाए रखने और फिट रहने में मदद करते हैं। पिया ने अपने आहार के बारे में बात करते हुए कहा, मैं एक कट्टर शाकाहारी हूं और मुझे एक महान आहार विशेषज्ञ का आशीर्वाद प्राप्त है, जो मेरी व्यवहार्यता के अनुसार मेरे सेवन को नियंत्रित करने में मेरी मदद करता है और मुझे एक सरल लेकिन व्यावहारिक आहार से जोड़े रखता है। उन्होंने कहा, मेरे पास प्रत्येक भोजन के लिए दो विकल्प हैं, एक अगर मैं घर पर रहूं और दूसरा अगर मैं कभी बाहर रहूं। अपने वर्कआउट पैटर्न के बारे में थोड़ा सा साझा करते हुए उन्होंने कहा, अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग वर्कआउट काम करते हैं और मुझे यह समझने में थोड़ा समय लगा कि मेरे लिए भारी वजन उठाने के प्रशिक्षण ने हमेशा मुझे मस्कुलर बनाया है, जो कि वह लुक नहीं है, जिसके लिए मैं जा रही हूं। मुझे जो सूट करता है, वह है कार्डियो और फंक्शनल ट्रेनिंग के साथ क्रॉसफिट ट्रेनिंग। पिया ने अंत में अपने प्रशंसकों के लिए एक सलाह दी : इच्छाशक्ति वजन घटाने में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और अगर यह गायब है, तो कोई आहार या कसरत काम नहीं करेगा, क्योंकि किसी कार्य पर स्थिर और दृढ़ रहने के लिए बहुत प्रयास की जरूरत होती है और अपने खाने की आदतों पर नियंत्रण रखें।



## सिद्धार्थ मल्होत्रा की मिशन मजनू 20 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की फिल्म मिशन मजनू ने ओटीटी की राह पकड़ ली है। अब मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा कर दी है। फिल्म को अगले साल 20 जनवरी को सीधे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित कर दिया जाएगा। नेटफ्लिक्स ने ट्विटर पर एक पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की प्रीमियर की तारीख का ऐलान किया है। बता दें कि शांतनु बागची ने फिल्म का निर्देशन किया है।

नेटफ्लिक्स ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, एक जांबाज एजेंट की अनसुनी कहानी। मिशन मजनू। 20 जनवरी से देखिए केवल नेटफ्लिक्स पर। इसकी कहानी पाकिस्तान की धरती पर भारत के सबसे महत्वाकांक्षी रॉ ऑपरेशन पर आधारित है। फिल्म 1970 के दशक में असली घटनाओं से प्रेरित है। इस जासूसी थ्रिलर फिल्म में सिद्धार्थ रॉ एजेंट की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं रश्मिका इस फिल्म से बॉलीवुड में अपना कदम रख रही हैं।

## स्विट्जरलैंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी द कश्मीर फाइल्स

विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स 11 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को जबरदस्त सफलता मिली है। अब इसका प्रीमियर स्विट्जरलैंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होने वाला है। निर्देशक विवेक ने ट्विटर पर पोस्ट शेयर करते हुए प्रशंसकों को इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि द कश्मीर फाइल्स को प्रतिष्ठित स्विट्जरलैंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ऑफिशियल सेलेक्शन कैटेगरी के लिए चुना गया है।

इस फिल्म ने दुनियाभर में 340.92 करोड़ रुपये की कमाई की है। भारत में इसने 252.90 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। खबरों की मानें तो इसे करीब 20 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है। इसकी कहानी सच्ची घटना को केंद्र में रखकर बुनी गई है, जिसमें कश्मीरी पंडितों के पलायन और नरसंहार को फिल्माया गया है। फिल्म में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, दर्शन कुमार, पल्लवी जोशी और चिन्मय मंडलेकर दिखे हैं।

## भूल भुलैया 2 का साउथ में बनेगा रीमेक, कार्तिक आर्यन ने की पुष्टि

अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में आई थी। इसके निर्देशक अनीस बाज्मी हैं। अब कार्तिक ने एक इंटरव्यू में फिल्म से जुड़ी रोचक जानकारी दी है। उन्होंने इस बात का खुलासा किया है कि भूल भुलैया 2 का साउथ में रीमेक बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म की रीमेक को लेकर बातचीत चल रही है।

कार्तिक ने कहा, साउथ में भूल भुलैया 2 का रीमेक बनाया जा रहा है। यह एकदम उल्टा है, भूल भुलैया एक साउथ फिल्म की रीमेक थी। वहीं भूल भुलैया 2 एक ऑरिजनल फिल्म है, जिसका साउथ में रीमेक बनाया जा रहा है। यह एक जीत है। फिल्म किसी भी क्षेत्र से आए, हमारी फिल्म होनी चाहिए। बता दें कि कार्तिक की इस फिल्म ने भारतीय सिनेमाघरों में 185.92 करोड़ रुपये बटोरे थे।

## विजय सेतुपति ने दिखाई अपने ट्रांसफॉर्मेशन की झलक

दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार विजय सेतुपति ने अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। सोशल मीडिया पर उनके नए लुक को देखकर फैंस काफी आश्चर्यचकित हैं। विजय ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह सफेद लिबाज में दिखे हैं। वह तस्वीर में मुस्कुराते हुए मिरर सेल्फी क्लिक करते नजर आए हैं। तस्वीर में देखा जा सकता है कि अपने नए लुक के लिए विजय ने वजन कम किया है।

इस तस्वीर में विजय का शरीर काफी दुबला नजर आ रहा है। फैंस उनके नए लुक पर प्यार बरसा रहे हैं। विजय को आखिरी बार फिल्म डीएसपी में देखा गया था, जिसमें उन्होंने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा वह राज निदिमोरु और कृष्णा डीके की वेब सीरीज फर्जी में नजर आएंगे। इस सीरीज में बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में हैं। मुंबईकर और श्रीराम राघवन की मैरी क्रिसमस भी विजय के खाते से जुड़ी है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं से रुका है पलायनः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद जिले के खल्लारी विधानसभा के ग्राम-बगारपाली में भेंट मुलाकात में लोगों से संवाद के दौरान कहा कि भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर में लोगों ने उन्हें बताया है कि अब उन्हें रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की वजह से पलायन रुका है।**



मुख्यमंत्री ने बताया की जांजगीर में एक मजदूर साथी ने बताया की गांव में गौठान खुलने से उन्हें रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ी। आज बगारपाली में हेमलता ने बताया की पहले काम के लिए उसे पलायन करना पड़ता था। मगर अब गौठान में काम मिल रहा है। अभी सरायपाली में भी मुझे एक व्यक्ति ने ऐसा ही संस्मरण सुनाया था। जशपुर में भी पलायन में कमी आने की बात सामने आई थी। इससे यही समझ में आता है कि योजनाओं से लोगों की आर्थिक स्थिति सुधरी है। ये बहुत अच्छा संकेत है। मुख्यमंत्री ने योजनाओं से आ रहे सामाजिक परिवर्तन का कमेटी द्वारा अध्ययन कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है की आज लोगों को काम के लिए बाहर नहीं जाना पड़ रहा। भूमिहीन मजदूरों को भी हम 7 हजार रुपए दे रहे हैं। ये भी भूमिहीन श्रमिकों के लिए एक बड़ा सहारा बना है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक ब्लॉक में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना कर रही है, जिसके लिए शासकीय भूमि और दो करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में सुगमता से पहुंच के लिए अप्रोच रोड भी बनाएंगे और आधे दर बिजली की उपलब्धता भी की जाएगी ताकि गांव के बच्चों को भी स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके। रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से पलायन रुकेगा, देश में ऐसी योजना कहीं और नहीं है। मुख्यमंत्री ने नौजवानों को इस योजना का हिस्सा बनकर आर्थिक रूप से सशक्त होने की बात कही। मुख्यमंत्री ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेने और क्षेत्रवासियों से मिलने आए हैं। उन्होंने नरवा योजना की जानकारी देते हुए बताया कि बड़े सिंचाई प्रोजेक्ट में किसानों के खेत डूब जाते हैं, इसलिए हम छोटे-छोटे स्ट्रक्चर बना रहे हैं। जिसके जरिए पानी रोकते हैं। इससे सतह पर पानी मिल जाता है, साथ ही जल स्तर बढ़ता है। पानी रोकने से जमीन में नमी बनी रहती है। आज जरूरी है कि सभी नरवा में पानी रोका जाए ताकि किसान के साथ पशु-पक्षी को पीने के लिए पानी मिले। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गोबर के साथ गोमूत्र की भी खरीदी कर रही है। हम गौमाता की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने किसानों से पैरादान करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा के लिए चारा की भी आवश्यकता होगी इसलिए आप सभी पैरादान जरूर करें।

भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में श्रीमती हेमलता ने मुख्यमंत्री को बताया कि गौठान बनने से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। लोगों को स्थानीय स्तर पर ही काम मिलने से गांवों से पलायन रुका है। हेमलता की मांग पर मुख्यमंत्री ने उनकी बेटी वर्षा कुमारी ठाकुर की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके इसलिए छात्रावास की व्यवस्था के निर्देश अधिकारियों को दिए। नयापारा कला की श्रीमती नरबाई बघेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके पति की मृत्यु कोरोना संक्रमण से हो गई और उन्हें कोरोना मुआवजा नहीं मिला है। जिसे गम्भीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को तत्काल राहत देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने श्रीमती नरबाई के बच्चों को पढ़ाने के लिए एक लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। ग्राम घोंच निवासी दिव्यांग लाभार्थी ने बताया कि गांव में हाट बाजार क्लिनिक की गाड़ी आती है। मुफ्त में इलाज होता है, दवाई भी मुफ्त मिलती है, जांच का भी पैसा नहीं लगता है। हितग्राही ठाकुर राम को साढ़े 3 एकड़ का वन अधिकार पट्टा मिला है।

## खास खबर

### महापौर ने किया वार्ड क्रमांक 14 में महतारी किट का वितरण

**कोरबा।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने आज छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना महतारी जतन योजना के तहत वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस बस्ती में गर्भवती माताओं को महतारी किट का वितरण किया, इस किट में गर्भवती माताओं के प्रसव के दरम्यान एवं बाद में उपयोग की जाने वाली आवश्यक सामग्रियाँ शामिल होती हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना महतारी जतन योजना का क्रियान्वयन प्रदेश में किया गया है, इस योजना के तहत गर्भवती माताओं को पौष्टिक गर्म भोजन आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से दिए जाने के साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं गर्भ में पल रहे शिशु की सेहत का ख्याल रखा जाता है, विशेषकर गरीब गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार मिले, वे कुपोषण के शिकार न बने तथा उनके गर्भ में पल रहे शिशु की सेहत में प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इस हेतु आवश्यक है कि गर्भवती महिलाओं को आवश्यकतानुसार पौष्टिक आहार प्राप्त हों। इसी योजना के अंतर्गत आज महापौर राजकिशोर प्रसाद ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस बस्ती में गर्भवती महिलाओं को महतारी किट का वितरण किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एल्डरमेन रामगोपाल यादव सहित काफी संख्या में वार्ड की महिलाएं, पुरूष उपस्थित थे।

गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तेज गति से कार्य करने के दिए निर्देश

# बदल जाएगी भिलाई के सिविक सेंटर स्थित अर्जुन रथ परिसर की तस्वीर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई के सिविक सेंटर में स्थित अर्जुन रथ परिसर की तस्वीर शीघ्र बदलने वाली है, भव्य और आकर्षक रूप में अब अर्जुन रथ परिसर नजर आएगा और परिसर का कायाकल्प होगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। आज कार्य का जायजा लेने के लिए महापौर नीरज पाल और निगमायुक्त रोहित व्यास सिविक सेंटर पहुंचे और उन्होंने अर्जुन रथ परिसर में किए जा रहे विकास तथा सौंदर्यीकरण के कार्यों को देखा।**



उन्होंने उपस्थित अधिकारी व एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तेज गति से कार्य करें। इसके लिए संसाधन बढ़ाकर जो काम समानांतर किए जा सकते हैं उन्हें करते हुए शीघ्र कार्यों को पूर्ण करते चले। महापौर एवं आयुक्त ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया तथा किए जा रहे सभी कार्यों का उन्होंने बारीकी से अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही समीपस्थ ट्रैफिक पार्क का अवलोकन संयुक्त रूप से किया गया। अर्जुन रथ परिसर में महापौर निधि से स्वीकृत करोड़ों की लागत से विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। जिसके तहत पानी निकासी के लिए नाली निर्माण, सुरक्षा घेरा के लिए बाउंड्री वॉल, अर्जुन रथ का विकास एवं सौंदर्यीकरण, परिसर के भीतर चलने के लिए पाथवे का निर्माण एवं आकर्षक गार्डनिंग तथा लैंडस्कैपिंग, परिसर के बाहर भी पाथवे का निर्माण, आकर्षक तथा भव्य गेट के साथ ही विद्युतीकरण करते हुए प्रकाश की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। कार्य पूर्ण होने के बाद इसकी अलग भव्यता लोगों को नजर आने लगेगी। संयुक्त निरीक्षण के दौरान महापौर एवं आयुक्त ने अर्जुन रथ परिसर में होने वाले विकास तथा सौंदर्यीकरण के सभी कार्यों के लिए डेड लाइन फिक्स कर दिया है, ताकि शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण होकर लोगों को इसका लाभ मिलने लगे। उल्लेखनीय है कि विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर सिविक सेंटर का कायाकल्प हो रहा है। बेहतरीन पार्किंग प्लेस बनाने के साथ ही, सिविक सेंटर के सभी एरिया में पेवर ब्लॉक लगाने का काम भी किया जाएगा।

पार्किंग के लिए काफी कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कुछ समय बाद सिविक सेंटर पहुंचने वाले लोग इसका लाभ उठा सकेंगे इसके साथ ही सर्व सुविधा युक्त चौपाटी बनाने की कार्ययोजना भी शामिल है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त खिरोद्र भोई, प्र. कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, प्र. सहायक अभियंता वसीम खान, उप अभियंता श्वेता महेश्वर आदि मौजूद रहे।

# आगरा और बाराबंकी में पादुकायें बनाने वाली मशीनें और 200 बी-बॉक्स वितरित किये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने आगरा में चर्म प्रायोगिक परियोजना के तहत पादुकायें बनाने वाली मशीनों तथा बाराबंकी जनपद में 'ग्रामोद्योग विकास योजना' के तहत मधुमक्खी पालने वाले बक्सों का वितरण किया। यह कार्य 13 दिसंबर, 2022 को डिजिटल स्वरूप में पूरा किया गया।**




लाभार्थियों को पांच दिनों का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण बाराबंकी जनपद के दो स्व-सहायता समूहों 'वैष्णव और ज्ञान' ने दिया था। आज इन समहों को मधु मिशन के तहत 200 मधुमक्खी पालने वाले बक्से और उपकरण वितरित किये गये।

इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष ने मधुमक्खी पालन से जुड़ी समस्याओं पर लाभार्थियों से बातचीत की और उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को आगे बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया। बाद में उनके बारे में फीडबैक भी लिया गया तथा उन्हें प्रेरित किया गया कि वे अपने काम को आगे बढ़ायें।

इसके अलावा, मनोज कुमार ने चर्मकला मिशन के तहत 10 लाभार्थियों को पादुकायें बनाने वाली मशीनें और उपकरण भी वितरित किये। इन लाभार्थियों को आगरा के केंद्रीय पादुका प्रशिक्षण संस्थान में 50 दिनों का प्रशिक्षण दिया गया है। लाभार्थियों से बातचीत करते हुये आयोग के अध्यक्ष ने लाभार्थियों को प्राप्त होने वाले प्रशिक्षण की जानकारी ली तथा उन्हें प्रेरित किया कि वे इस परियोजना का लाभ उठाकर चमड़ा उद्योग स्थापित करें। आयोग के अध्यक्ष ने आत्मनिर्भर भारत के बारे में प्रधानमंत्री के स्वप्न को पूरा करने तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं के जरिये स्वरोजागर के नये अवसर बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर लखनऊ राज्य कार्यालय व मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी, उत्तरप्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड तथा सीएसआईआर के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत नगपुरा में आयोजित किया गया शिविर, कलेक्टर के समक्ष लोगों ने रखा आवेदन

# नगपुरा शिविर में 984 आवेदन आये इनमें 918 मौके पर ही निराकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत नगपुरा में आयोजित शिविर में ग्रामीण सचिवालय और शिविर में आये अधिकांश आवेदनों का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, नगपुरा सरपंच भूपेंद्र रिगरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, एसडीएम मुकेश रावटे एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।**



शिविर में 984 आवेदन आये। इनमें से 705 ग्रामीण सचिवालय के माध्यम से आये थे और 279 आज ही आये। इनमें से 918 का निराकरण कर दिया गया। ठेलकाहीड- चिखली निर्माणाधीन रोड में खतरनाक मोड़, तकनीकी त्रुटि सुधारें- ग्रामीणों ने बताया कि ठेलकाहीड-चिखली रोड जो निर्माणाधीन है उसमें मोड़ काफी खतरनाक है। इसमें मोड़ पर तकनीकी त्रुटि सुधारी नहीं गई तो गंभीर हादसे होने की आशंका बनी रहेगी।

इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति की रिपोर्ट देने कहा। इसी तरह अंडा से उतई मार्ग के किनारे कुछ स्थलों पर नाली निर्माण नहीं किये जाने की शिकायत आई। कलेक्टर ने इस पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की स्थिति के बारे में रिपोर्ट भी दें।

कुछ वार्डों में पानी नहीं आ रहा, पीएचई को कहा, कल तक ठीक कराएं- पाइपलाइन की मरम्मत की वजह से नगपुरा के कुछ वार्डों में पानी नहीं आने की दिक्कत वार्डवासियों ने रखी। इस पर कलेक्टर ने चौबीस घंटे के भीतर मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति ठीक करने के निर्देश पीएचई अधिकारियों को दिये। शिक्षक नहीं है वहां शिक्षक भेजें- जंजगिरी, नगपुरा और डांडेसरा में शिक्षकों की कमी की बात सामने आई।

इस पर कलेक्टर ने बीईओ को सभी स्कूलों में परीक्षण कर कम शिक्षकों वाले स्कूलों में त्वरित रूप से शिक्षकों की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। गनियारी के जर्जर स्कूल को डिस्मैंटल करने के निर्देश भी उन्होंने दिये। दमोदा में पीडीएस दुकान समय पर नहीं खुलने की शिकायत, कहा नोटिस दें फिर भी विलंब से खोले तो वापस ले लें- दमोदा में पीडीएस दुकान के देर से आरंभ होने की शिकायत ग्रामीणों ने की। कलेक्टर ने इस बारे में सचिव से पूछा। सचिव ने बताया कि ग्रामीणों का कहना सही है। इस पर कलेक्टर ने दुकान संचालकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही इसके बावजूद विलंब करने पर संचालन का अधिकार समाप्त करने के निर्देश खाद्य नियंत्रक को दिये। पहली बार बंटा मछुआ बीमा प्रमाण पत्र- शिविर में पहली बार मछुआरों को बीमा प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। यह पहली बार हुआ है। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत सामग्री भी बांटी गई। अन्नप्राशन भी बच्चों का किया गया।

# स्टूडेंट अपना रोल मॉडल तय कर जीवन में आगे बढ़ेंः डॉ. रवींद्रनाथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10 का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार 14 दिसंबर की दोपहर में शाला प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ एम रवींद्रनाथ सीएमओ प्रभारी बीएसपी जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर 9 तथा विशेष अतिथि डॉ उदय कुमार एडिशनल सीएमओ थे।

बच्चों ने अतिथियों का स्वागत टीका लगाकर तथा बैज लगाकर किया। स्काउट के बच्चों ने कदमताल करते हुए अतिथियों को ससम्मान वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह स्थल की आसंदी तक पहुंचाया। सरस्वती वंदना और पूजा के पश्चात कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई ।स्वागत भाषण पीटीए प्रेसिडेंट कृष्णानंद राय ने दिया। स्कूल का प्रगति पत्रक प्रिंसिपल सुमिता सरकार ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्टूडेंट सभी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान अतिथियों ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक और विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पंजाब का भांगड़ा, बंगाल का नृत्य और छत्तीसगढ़ का राउत नाचा छाया रहा, जिसने




पूरे बच्चों में उत्साह भर दिया। कोविड-के दौरान बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया की जो लत लग गई थी उसके दुष्परिणाम और उससे बाहर निकलने के तरीके पर प्रस्तुत नृत्य नाटिका काफी सराही गई। मुख्य अतिथि एम रवींद्रनाथ सीएमओ इंचार्ज ने अपने संबोधन में बच्चों को अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शक्ति लगा देने को प्रेरित किया। स्टूडेंट से उन्होंने रोल मॉडल तय कर जीवन में आगे बढ़ने और रूल फॉलोअर्स बनने की सीख दी। धन्यवाद ज्ञापन सविता तिवारी ने किया।कार्यक्रम का संचालन आकर्षक ढंग से मेत्री सूत्रधार और जया घोष ने किया।

## NOTICE

**U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932**

It is hereby notified that the constitution of firm M/S HOTEL AMIT INTERNATIONAL Block - C, Plot No. 3, Shivnath Vistar Vyavsayik Yojana, Near Chandra Mourya Talkies G.E. Road Supela, Bhilai, Dist.Durg (C.G.) PIN.490023 Reg. No. D-DURG -305/2007 dated 01-04-2022 has undergone following changes :- 1. Smt. Meenakshi Devi Sao W/O Shri Subhash Prasad Sao of Pushpak Nagar, Junwani Bhilai expressed her desire to become SLEEPING PARTNER in the partnership firm M/S HOTEL AMIT INTERNATIONAL W.E.F 01.04.2022 with her own free will and consent of all other partners.

PLACE : BHILAI
DATE : 01-04-2022

(Mohit Kumar Sao)
(Subhash Prasad Sao)
(Smt. Meenakshi Devi Sao)

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### डेम में गश्त करते हुए पलटी नाव मछली जाल में फंसकर चौकीदार की मौत

**मुंगेली।** मुंगेली जिले के राजीव गांधी जलाशय में बड़ा हादसा हो गया। यहां डेम में गश्त करते हुए दो चौकीदारों की नाव पलट गई। इस हादसे में एक चौकीदार की पानी में डूबने से मौत हो गई। वहीं दूसरे चौकीदार ने तैरकर जान बचाई। घटना मंगलवार देर रात की है। मामला खुडिया़ चौकी क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार राजीव गांधी जलाशय खुडिया़ बांध में मछली पालन का टेंडर दिया गया है, जिसकी देखरेख के लिए ठेकेदार ने करीब 25 चौकीदार नियुक्त किए हैं। इन चौकीदारों को दो शिफ्ट में मछली चोरी ना हो, ये देखने के लिए तैनात किया गया है। सुबह और रात की दो शिफ्ट में चौकीदार गश्त करने निकलते हैं। मंगलवार रात 8 बजे दो चौकीदार भरत विश्वकर्मा और रोहित यादव (32 वर्ष) वेस्ट वियर के पास रात्रि गश्त कर रहे थे।

गश्त के दौरान रात में अचानक पानी की लहर तेज होने के कारण रात साढ़े 10 बजे के आसपास उनकी नाव पलट गई। नाव पलटने के बाद भरत विश्वकर्मा तैरकर बांध से बाहर निकल गया, लेकिन रोहित यादव बाहर निकलते समय मछली के जाल में फंस गया। इस वजह से वो आगे नहीं तैर सका और उसकी डूबकर मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद बुधवार सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। घटना की सूचना खुडिया़ चौकी प्रभारी को भी दी गई, जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। नौका विहार के सदस्य और चौकीदारों की सहायता से रोहित यादव का शव बांध से बाहर निकाला गया। खुडिया़ चौकी प्रभारी विजय राजपूत ने बताया कि शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक रोहित यादव खुडिया़ गांव का ही रहने वाला था।

### ट्रक चलाते समय ड्राइवर को आया पैरालिसिस का अटैक, दुर्ग पुलिस की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**भिलाई।** देर रात दुर्ग से रायपुर हाईवे पर पुलिस की पेट्रोलिंग लगी हुई थी ट्रैफिक पुलिस मुस्तैदी के साथ अपना काम कर रही थी लगातार हाईवे में हो रहे हादसों के बाद अब ट्रैफिक पुलिस हर चौक चौराहे पर तैनात है। वहीं भिलाई में रात करीब 12:00 बजे के बाद हाईवे पेट्रोलिंग की टीम नेहरू नगर में गश्त कर रही थी इसी बीच ट्रक क्रमांक सीजी 07 एमबी 1975 लहराते हुए चल रही थी। हाईवे पेट्रोलिंग को अंदेशा हुआ कि ड्राइवर शराब पीकर वाहन चला रहा है इसे तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग ट्रक का पीछा किया और रुकवाया। ड्राइवर ट्रक को नियंत्रण नहीं कर पा रहा था। ट्रक पूरी तरह से ड्राइवर के नियंत्रण से बाहर हो चुका था। जांच करने पर हाईवे पेट्रोलिंग की टीम को पता चला की उसे पैरालिसिस का अटैक आया हुआ था जिसके बाद हाईवे पेट्रोलिंग की टीम ने तत्काल उसे फर्स्ट एड दिया और उसे रिलेक्स करवाकर फिर तत्काल इलाज के लिए सुपेला अस्पताल ले जाया गया।

# प्रेमिका से छुटकारा पाने शादीशुदा प्रेमी ने की युवती की हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के इंदौरी गांव के बाहर 11 दिसंबर को मिली युवकी नग्न लाश की गुत्थी सुलझ गई है। युवती की हत्या उसके ही प्रेमी ने की थी। कबीरधाम पुलिस ने हत्या के एक सप्ताह के अंदर इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा लिया है। दरअसल शादीशुदा प्रेमी किसी तरह युवती से छुटकारा पाना चाहता था। इसलिए उसने 5 दिसंबर को युवती को मिलने के बहाने बुलाकर पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी थी। आरोपी ने बचने के लिए शव को पैरे में छुपा दिया था। युवती की लाश 11 दिसंबर को क्षत-विक्षत हालत में खेत में पड़ी मिली थी। जिससे जानवरों ने नोच खाया था।





### परिजनों ने पांच दिनों बाद लिखाई थी रिपोर्ट

बुधवार को एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि युवती जिस दिन से गायब थी, उसी रात को ही याने 5-6 दिसम्बर की दरम्यानी रात में सिर को पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शव को खेत में रखे पैरे से छुपा दिया था। घर वालों ने पांच दिन बाद रिपोर्ट लिखाई थी। इसके दो दिन बाद उसका शव गांव के बाहर खेत में मिला था। मृतका व उसके प्रेमी मनोज साहू का बीते दो तीन सालों से प्रेम संबंध होना बताया जा रहा है। आरोपी मनोज साहू शादीशुदा है, उसकी पत्नी गर्भवती है।

### पीछा छुड़ाना चाहता था प्रेमी

आरोपी ने मृतका को 5 दिसम्बर रात 8 से 9 बजे के बीच मिलने के लिए बुलाया था। इसी बीच दोनों के बीच वाद विवाद हुआ। आरोपी मनोज उससे अलग होने की बात कहने लगा। जिससे वह नाराज हो गई। मृतका किसी भी स्थिति में उसका साथ नहीं छोड़ना चाहती थी और आरोपी उससे पीछा छुड़ाना चाहता था। रात का समय था, मनोज ने मौका पाते ही। मृतका के सिर में पत्थर से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद शव को पास के ही खेत में रखे पैरे में छुपा दिया था। जिसे जानवरों ने नोच लिया था। हत्या के करीब एक सप्ताह बाद शव की जानकारी मिल सकी।

# पत्नी के शराब पीने से नाराज पति ने कर दी हत्या, कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई



**कोरबा।** पत्नी की गैर इरादतन हत्या के दोषी पति को कोर्ट ने 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को सजा काटने के लिए जेल भेज दिया गया है। अभियोजन पक्ष ने बताया कि पिछले साल क्रिसमस से एक दिन पूर्व 24 दिसंबर की रात करतला थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदकोना में प्रेमा किस्पोट्टा की घर के बाहर खून से लथपथ लाश मिली थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में प्रेमा के पति जेरोम किस्पोट्टा उम्र 36 साल को गिरफ्तार किया था। उस पर शराब के झगड़े में पत्नी की हत्या का केस दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई कोरबा के अतिरिक्त सत्र न्यायालय में चल रही थी।

### पत्नी के शराब पीने से पति था नाराज

अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 24 दिसंबर, 2021 को जेरोम ने घर में महुआ शराब बनाया था। जेरोम घर से बाहर गया था। इस बीच उसकी पत्नी प्रेम शराब को पी गई। रात को जेरोम घर लौटा। शराब नहीं मिलने पर जेरोम नाराज हो गया। उसने बेल्ट और बेल्ट के बग्गल से पत्नी को प्रेमा को मारा। प्रेमा को घर से बाहर निकाल दिया। दरवाजे को बंद कर घर में सो गया। रातभर प्रेमा घर के पास स्थित एक आम पेड़ के नीचे पड़ी थी। सुबह मृत अवस्था में मिली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चेहरा और सिर पर गंभीर चोट लगने से प्रेमा की मौत होने की पुष्टि हुई थी।

### दस साल की सुनाई सजा

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष यह प्रमाणित नहीं कर सका कि जेरोम किस्पोट्टा अपनी पत्नी प्रेमा की हत्या सुनियोजित तरीके से करना चाहता था। बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि प्रेमा की हत्या करना जेरोम का मकसद नहीं था। गवाह और सबूत को देखते हुए कोर्ट ने जेरोम को आईपीसी की धारा 302 से बरी कर दिया। उसे आईपीसी की धारा 304 भाग दो के तहत गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराया। मंगलवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी की कोर्ट ने जेरोम किस्पोट्टा को 10 साल कैद में रखने का फैसला सुनाया। कोर्ट का फैसला आने के बाद पुलिस ने जेरोम को पकड़कर जेल भेज दिया है।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता की बीच सड़क पर गोली मारकर हत्या



### कार रूकवाकर हत्यारों ने सिर पर मारी गोली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में एक कांग्रेस नेता की बीच सड़क गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना बुधवार को जिले के सकरी थाना क्षेत्र की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बिलासपुर एसएसपी पारुल माथुर टीम के साथ पहुंची है। साथ ही फोरेंसिक टीम को भी घटना स्थल पर बुलाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री संजू त्रिपाठी की गोली मारकर हत्या की गई है।

पुलिस ने बताया कि कांग्रेस नेता अपनी कार से बुधवार दोपहर को सकरी बाइपास की तरफ से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने पहले उन्हें रोका। फिर उनके सिर पर गोलियां दाग दीं। घटना के वक्त आस-पास कुछ लोग मौजूद थे। मगर वह कुछ कर पाते इसके पहले ही बदमाश मौके से भाग निकले। कहा जा रहा है कि बदमाशों ने अपना चेहरा ढक रखा था। जिसके चलते लोग उन्हें नहीं देख पाए हैं।

### गोली का खोखा बरामद

पुलिस ने मौके से गोलियों के टुकड़े बरामद किए हैं। फॉरेंसिक की टीम को भी बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि यह पूरी वारदात जमीन विवाद को लेकर हुई है। मगर पुलिस ने इस बात की कोई जानकारी अभी नहीं दी है।

# काम पर नहीं आ रहा था डेयरी का कर्मचारी, घर से बुलाकर संचालक ने की पिटाई, अस्पताल में मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** जिले में एक डेयरी कर्मचारी की उसके संचालक ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। दरअसल कर्मचारी कुछ दिनों से काम पर नहीं जा रहा था जिससे संचालक काफी नाराज था। अपने अन्य कर्मचारी के साथ घर गया और बाहर बुलाकर उससे मारपीट की। पिटाई से घायल होने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद डेयरी संचालक व उसका दूसरा कर्मी फरार हैं।

मिली जानकारी के अनुसार घटना बिलासपुर जिले के सकरी थाना क्षेत्र का है। यहां के दीनदयाल कॉलोनी में कमलेश कश्यप नाम का शख्स डेयरी चलाता है। डेयरी में काम करने वाले मुंगेली निवासी पतिराम यादव तबीयत ठीक नहीं होने से कुछ दिनों की छुट्टी लेकर अपने घर चला गया था। कई दिनों से काम पर नहीं लौटा संचालक कमलेश नाराज हो गया। इसके बाद वह अपने एक साथी के साथ उसके गांव पहुंच गया। उसके घर से बुलाकर डेयरी लाने लगा। इस बीच उसने पतिराम की बेदम पिटाई की।

बताया जा रहा है कि डेयरी संचालक पतिराम को पीटते-पीटते डेयरी तक लेकर पहुंचा था। पिटाई से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद संचालक ने उसे सिम्स में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज किया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद आरोपी फारार हो गए। फिलहाल उनकी तलाश की जा रही है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग
// निविदा आमंत्रण सूचना //
ज्ञाप क्र. 8201 /नि.प्र. क्र.-11/लो.नि.वि./2022-23 दुर्ग, दिनांक 12/12/2022
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 21/12/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 02/01/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 03/01/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस मे खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0181 | E/F to Electric Pole / Transformer LT & HT Line Shifting work under block Durg District Durg (Zonal work) | 19.81 Lacs |
| (2) T0182 | E/F to Electric Pole / Transformer LT & HT Line Shifting work under block Patan, District Durg (Zonal work) | 19.69 Lacs |
| (3) T0183 | E/F to Electric Pole / Transformer LT & HT Line Shifting work under block Dhamdha, District Durg (Zonal work) | 19.65 Lacs |
| (4) T0184 | E/F to Electric Pole / Transformer LT & HT Line Shifting work under Sub Dn. No.-1, Durg (Zonal work) | 19.72 Lacs |
| (5) T0185 | E/F to Electric Pole / Transformer LT & HT Line Shifting work under Sub Dn. No.-2, Durg (Zonal work) | 19.90 Lacs |
| (6) T0186 | E/F to Electric Pole / Transformer LT & HT Line Shifting work under Sub Dn. No.-3, Durg (Zonal work) | 19.90 Lacs |
| (7) T0187 | E/F to Electric Pole / Transformer LT & HT Line Shifting work under Area Bhilai-3, District Durg (Zonal work) | 19.85 Lacs |
| (8) T0188 | LT Line work at Khundani to Dadhari Road, District Balod | 1.95 Lacs |
| (9) T0189 | LT Line / 11KV Line / 11KV Line DP & Transformer DP Shifting work at Thekwadih to Dupchera Road, District Balod | 10.48 Lacs |
| (10) T0190 | LT Line / 11KV Line / 11KV Line DP & Transformer DP Shifting work at Bodal to Bohardhih Road, District Durg | 13.39 Lacs |
| (11) T0191 | Providing E/F to Block Multi Purpose Farmer Service Center (BMFC) Building at Nawagarh, District Bemetara | 5.06 Lacs |
| (12) T0192 | Supply and Installation of CCTV Camera at Administrative Building of Durg University at Durg | 12.07 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।
टीप:- (1) S.No.- 1 to 10, The Tender forms will be issued only to the contractors having "A" class valid license from chief Electrical Inspector of C.G. Govt. and unified Registration system of C.G. Govt and Registration C.S.P.D.C.L. Department.
(2) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।
जी-96684/5
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग ( वि./यां. )
संभाग दुर्ग

# पूर्व विधायक के रिश्तेदारों की दबंगई, संपत्ति विवाद में घर का ताला तोड़कर जबरन घुसे, डकैती, बलवा का अपराध दर्ज

श्रीकंचनपथ न्यूज




**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर के पूर्व विधायक के रिश्तेदारों की संपत्ति विवाद में दबंगई सामने आई है। पैतृक संपत्ति विवाद को लेकर मोहला-मानपुर के पूर्व विधायक गोवर्धन नेताम व वर्तमान में बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम के परिजनों पर मारपीट, बलवा, डकैती, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज हुआ है। मामला साल भर पहले का है। घटना के समय प्रार्थी द्वारा थाने में शिकायत की गई थी, लेकिन पुलिस ने संबंधितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में परिवार दायर किया था।

न्यायालय के आदेश के बाद पूर्व विधायक नेताम के परिजनों के खिलाफ धारा 455, 427, 147, 294, 506-बी, 395/149 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। प्रार्थी रामनरेन्द्र नेताम पिता चतुर सिंह निवासी ग्राम जादूटोला तहसील अंबागढ चौकी ने न्यायालय में परिवाद पेश कर शिकायत किया था कि जादूटोला में उनकी पैतृक संपत्ति है। जिसमें परिवादी के पिता अपने जीवनकाल में कृषि कार्य करते रहे हैं और वहां पर निवास स्थान भी है।

10 जून 2021 को आरोपी राम खिलावन नेताम पिता प्यारे लाल, सुनिता बाई पति रामखिलावन नेताम, इंदिरा बाई पति भागवत नेताम, नम्रता नेताम पिता भागवत नेताम, तिलकराम पिता जिवातिया, दसरी बाई पति तिलकराम सभी निवासी ग्राम हांडीटोला और हेमु लाल गोंड़ पिता नरोत्तम सेवता निवासी थैलीटोला टैक्टर में सवार होकर प्रार्थी राम नरेन्द्र के घर पहुंचे और लाठी से लैस होकर प्रार्थी रामनरेन्द्र के घर में घुसने के लिए मुख्य द्वार में लगे ताले को जबरदस्ती तोड़कर अंदर घुसकर तोड़-फोड़ कर वहां पर रखे कीमती समान को साथ ले गए।

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### मोर मकान, मोर आस के तहत अंतिम सूची प्रकाशित



**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत मोर मकान मोर आस के हितग्राहियो को आवास उपलब्ध कराने के लिए अंतिम सूची प्रकाशित कर दी गई है। मोर मकान मोर आस के तहत निगम क्षेत्र में निवासरत किरायेदारों से दिनांक 25 नवंबर 2022 से 09 दिसंबर 2022 तक दावा-आपत्ती आमंत्रित किया गया था,जिसका निराकरण पश्चात पात्र तथा अपात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची तैयार की गई है।सूची को अवलोकन के लिए दिनाक 13/12/2022 को डिपो कार्यालय एवं डाटा सेंटर में चस्पा किया गया है,जिसका कार्यालयीन समय में अवलोकन किया जा सकता है । इस सूची को नगर पालिक निगम दुर्ग की वेबसाइट में भी अपलोड किया गया है।

### फोर्टिफाईड राईस के संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**दुर्ग।** फोर्टिफाईड राईस के संबंध में 09 दिसंबर 2022 को कलेक्टर सभा कक्ष में जिला-दुर्ग, राजनांदगांव, एवं खैरागढ के राईस मिलर्स तथा खाद्य विभाग एवं छ.ग. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती कस्तूरी पाण्डा, कार्यक्रम सहायक, विश्व खाद्य कार्यक्रम द्वारा फोर्टिफाईड राईस के मैन्यूफैक्चरिंग प्रक्रिया, क्वालिटी पैरामीटर्स, लायसेंसिंग प्रक्रिया लेबलिंग पैकेजिंग प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। किसी खाद्य उत्पाद में आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों वैज्ञानिक रूप से बढाने की प्रक्रिया को फोर्टिफिकेशन कहा जाता है। उसमें मिलाये जाने वाले पोषक तत्व, फोर्टिफिकेशन के महत्व के बारे में बताया गया। फोर्टिफाईड राईस की पहचान उसके उत्पादन के लिए अनिवार्य लायसेंस एवं एफलोगो सर्टिफिकेट प्राप्त करने की प्रक्रिया, फोर्टिफाईड राईस की खरीदी व खरीदी के समय ध्यान देने योग्य बिन्दुओं से राईस मिलर्स को अवगत कराया गया। फोर्टिफाईड चावल से संबंधित मिथक जैसे- पकाने पर पोषक तत्व नष्ट हो जाना, स्वाद व गंध में बदलाव, इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बताया गया कि शासकीय उचित मूल्य के दुकान संचालकों द्वारा वितरण के समय कार्डधारकों को राईस के रख-रखाव, उसके लाभ एवं पकाने के तरीके से अवगत कराया जाये।

### राष्ट्रसंत बापू चिन्मयानंद ने कथा के पहले दिन बताया जीवन में रामायण का महत्व...

# विचारधारा को करते हैं शुद्ध और समाज को दिखाती है आइना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। रामायण समाज की विचारधारा को शुद्ध करती है ।और समाज को आईना भी दिखाती है। रामायण सुनने से तो भवसागर को पार किया जा सकता है, लेकिन रामायण जी के दर्शन मात्र से भी हमारा जीवन धन्य हो जाता है। इसलिए रामकथा जहां भी हो सुनने का समय न भी हो तो दर्शन करने जरूर जाएं। रामायण के पात्र हमारे जीवन से जुड़े हैं। हमें रामायण के पात्रों के शिक्षा लेनी चाहिए कि हम पिता, पति, बेटे, पत्नी, बेटी के रूप में हम अपने कर्तव्य किस तरह निभा रहे हैं। हमें विचार करना चाहिए कि हम अपने धर्म को सही तरीके से निभा रहे हैं। भगवान श्री राम अपने आप में पूर्ण चरित्र है।**





वे बेटे, पति, भाई, शिष्य, मित्र और यहां तक कि दुश्मन के रूप में भी आदर्श है। खुर्सीपार स्थित श्रीराम चौक के दशहरा मैदान में शुरू हुई श्रीरामकथा के पहले दिन राष्ट्रसंत बापू चिन्मायनंद ने रामायण के महत्व और उनके चरित्र के बारे में बताया। उन्होंने रामायण के हर चरित्र से शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि रामकथा में शामिल होने श्रद्धा और विश्वास होनों का होना जरूरी है, क्योंकि आप रामकथा सुनने में श्रद्धा रखते हैं, लेकिन जब आपको रामायण की चौपाई में विश्वास भी करना होगा। कथा के पहले दिन ही रामभक्तों की पंडाल में भीड़ उमड़ पड़ी। इससे पहले राम स्तुति से बापू ने कथा की शुरुआत की।

इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने व्यासपीठ की आरती की। इस मौके पर श्रीरामजन्म उत्सव के जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग मनीष पांडेय, जीवन आनंद के फाउंडेशन के अध्यक्ष विनोद सिंह, तेज बहादूर सिहं, पियुष मिश्रा, बुधन ठाकुर, जोगिंदर शर्मा, बंटी पांडेय, रमेश माने, अजय पाठक, राजेश त्रिपाठी, उमेश मिश्रा, अजीत सिंह, प्रकाश यादव, टोपा, श्रीनु, नील मानिकपुरी, शंकर केडिया, पवन भारद्वाज, सोनू शर्मा, आदि मौजूद थे।

#### रामायण आईना है

बापू चिन्मयानंद ने कहा कि रामायण समाज का आईना है। जिस तरह आइना झूठ नहीं बोलता उसी तरह रामायण के हर चरित्र समाज की हकीकत को बयां करते हैं। उन्होंने कहा कि 9 दिनों की कथा में भक्तों को पता चलेगा कि आप किस चरित्र के हैं। क्योंकि जिस भाव से आप रामायण को सुनेंगे आपको अपना पात्र उसमें मिल जाएंगा। उन्होंने कहा कि नौ दिनों में भगवान राम के चरित्र से अपने जीवन के चरित्र का दर्शन कर सकते हैं और रामकथा सुनकर हमें पता चल जाएगा कि हमारे में क्या दोष है। चरित्र में यदि हमें कमी दिखाई देती है तो सुधार कर लेना चाहिए। यही मनुष्यता है।

#### कल्पवृक्ष के समान

बापू ने कहा कि रामायण कल्पवृक्ष के समान है। जिस तरह कल्पवृक्ष के नीचे बैठने से हर मनोकामना पूरी होती है। उसी तरह रामायण जी के सानिध्य में आने से मनोकामना पूरी होती है। उन्होंने कहा कि 9 दिनों तक आप किस भाव से कथा श्रवण करते हैं आपकी मनोकामना भी उसी भाव से पूरी होगी। क्योंकि कथा किस विधि से सुनी गई है यह महत्वपूर्ण होती है। इसलिए श्रवण के भेद से फल में भी भेद हो जाते हैं।

#### पहले दिन बालकांड की कथा

रामकथा में पहले दिन प्रवचन की श्रृंख्ला में बालकांड की कथा सुनाई गई। बापू ने कहा कि रामायण को समझना है तो मानव बनकर आना होगा, क्योंकि रामायण वर्ण और मानव के बीच की कथा है। उन्होंने कहा कि संतों के इशारे को समझना जरूरी है। बाबा तुलसी ने इशारा किया है कि रामायण को सुनने आना है तो वर्ण के अहंकार को छोड़कर आना होगा। आज समाज में वर्ण व्यवस्था बिगड़ गई है। वर्ण को व्यवस्था न बनाकर विकार बना दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का तन पाकर मनुष्य नहीं बना जा सकता। मानव रूप में पशु घूम रहे हैं। मानवीय गुणों से ही व्यक्ति मानव बनता है। इसलिए रामायण ही ऐसी कथा है जो मनुष्य को सच्चा मानव बनाती है।

#### सुबह से लक्ष्मीनारायण यज्ञ

कथा स्थल पर सुबह से श्रीलक्ष्मीनारायण यज्ञ शुरू हुआ। यहां सुबह 7 बजे से 1 बजे तक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। पंडित संदीप तिवारी ने बताया कि 9 दिनों तक 3 लाख आहूतियां दी जाएगी।

## आयुक्त आईएएस पहुंचे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य स्लम शिविर, मरीजों से हुए रूबरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत वार्ड 20 आदित्य नगर में स्लम स्वास्थ्य शिविर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में इलाज व जांच कराने पहुंचे मरीजों से चर्चा की तथा शिविर की व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया !आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत आदित्य नगर वार्ड 20 स्लम स्वास्थ्य शिविर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया।**



उन्होंने शिविर में इलाज व जांच कराने पहुंचे मरीजों से चर्चा की तथा शिविर की व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया। शिविर में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से चर्चा की तथा शिविर के सुव्यवस्थित संचालन के संबंध में दिशा निर्देश दिए।प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत जिला स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिक निगम के सहयोग से निगम क्षेत्र में स्थित समस्त स्लम बस्तियों में क्रमबद्ध कार्ययोजना के अनुसार स्वास्थ्य शिविरों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं अन्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य शिविर पहुंचकर आयोजित शिविर का सघन रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में जांच एवं इलाज हेतु आए हुए नागरिकों से चर्चा की तथा स्वास्थ्य शिविरों के संबंध में उनकी फीडबैक लिया। इस दौरान आयुक्त ने शिविर में संलग्नडॉक्टर्स,अधिकारी-कर्मचारियों से शिविर की व्यवस्थाओं पर आवश्यक चर्चा कर के साथ ही बेहतर स्वरूप में शिविर संचालन के संबंध में दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व पंकज चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद थे।

### स्लम क्षेत्र में टैक्स वसूली के लिए आयुक्त ने ली बैठक

## पार्षद के माध्यम से हितग्राही को बताए टैक्स निर्धारण छुट का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। स्लम क्षेत्र से संपत्तीकर, सामेकित कर, जलकर और यूजर चार्ज लेने रिसाली निगम अभियान चला रहा है। आयुक्त आशीष देवांगन ने वसूली लक्ष्य को बढ़ाने संबंधित जनप्रतिनिधियों और निगम कर्मचारियों की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने हितग्राहियों को पहले शहर सरकार द्वारा दी जा रही छुट के फायदे बताने निर्देश दिए।**



आयुक्त ने कहा स्लम क्षेत्र में शामिल स्टेशन मरोदा, मौहारी मरोदा, नेवई बस्ती व भाठा समेत रूआबांधा के नागरिक अब तक टैक्स निर्धारण को लेकर अनजान है। केवल 5 से 10 प्रतिशत लोगों को टैक्स के बारे में जानकारी है। इसलिए पहले कर्मचारी वार्ड पार्षद के माध्यम से उस क्षेत्र में टैक्स जमा करने हितग्राहियों को प्रेरित करे। साथ ही साथ उन्हें इस बात की भी जानकारी दे कि निगम प्रशासन किस तरह स्लम क्षेत्र में रहने वालों को छुट दे रही है। टैक्स जमा नहीं करने पर उन्हें किस तरह से अधिभार के साथ राशि जमा करनी होगी। बैठक में एमआईसी चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, ईश्वरी साहू, पार्षद चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, विनय नेताम समेत राजस्व प्रभारी संजय वर्मा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, निगम व स्पायरों के कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में यह बात सामने आई कि कुछ हितग्राही पहले टैक्स जमा कर चुके है। उनकी आईडी बनी है, किन्तु अन्य कारणों से वे विगत कुछ वर्ष से टैक्स जमा नहीं कर रहे है। आयुक्त ने ऐसे हितग्राहियों को छुट का लाभ दिए जाने का निर्देश देते हुए कर निर्धारण पुराना छोड़ नए सिरे से 2015 से करे।

श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में कई छोटी व बड़ी दुकाने संचालित है। संपत्तीकर जमा नहीं करने की वजह से नियमत: गुमास्ता नहीं बनाया गया है। आयुक्त ने ऐसे दुकानों को चिन्हित करने निर्देश दिए है। बाद में सूचीबद्ध व्यापारिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही से पहले आयुक्त ने व्यापारियों को नोटिस के माध्यम से कार्यवाही से बचने 1 सप्ताह की मोहलत भी दी है। आयुक्त ने स्पष्ट कहा है कि कुछ को छोड़ अधिकांश घरों में अमृत मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति की जा रही है। निगम कर्मचारी संपत्तीकर के साथ जलकर की वसूली कर रहे है। इसके बाद भी कई हितग्राही जलकर देने रूचि नहीं दिखा रहे है और न ही दी जा रही छुट का लाभ उठा रहे है। आयुक्त ने ऐसे लोगों की सूची तैयार कर जनवरी से कार्यवाही के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि जलकर 2021 से लिया जाना प्रस्तावित है।

- स्लम क्षेत्र के नागरिकों के लिए कर के निर्धारण में 16 वर्ष की छुट दी गई है।
- कर निर्धारण 2015 से की जाएगी।
- अधिभार व दाण्डिक शुल्क 2019 से लिया जाएगा।
- एकमुश्त राशि जमा करने पर अधिभार व दाण्डिक शुल्क में 50 प्रतिशत की छुट दी जाएगी।

## संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2022 का आयोजन दिनांक 13-14 दिसंबर 2022 को भिलाई विद्यालय सेक्टर2 के खेल मैदान पर दुर्ग संभागायुक्त श्री महादेव कावरे के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल के कुशल नेतृत्व में किया गया। दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले जिला क्रमशः मानपुर मोहला-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई,कबीरधाम, बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लिए। प्रतियोगिता में गिल्ली-डंडा, पिट्ठूल,संखली,लंगड़ी-दौड़,कबड्डी, खो-खो,रस्साकस्सी,फुगड़ी,भौंरा, बांटी, बिल्लस,100 मी दौड़,गेड़ी दौड़,लंबी-कूद का खेल महिला पुरुष दोनों वर्ग मे आयु वर्ग 0-18 वर्ष,18-40 वर्ष और 40 से ऊपर मे हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ दुर्ग विधायक अरुण वोरा के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। सबसे पहले छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पूजा अर्चना कर राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का गान किया गया।तत्पश्चात अतिथि स्वागत कर अतिथियों का खिलाड़ियों ने आशीर्वाद भाषण सुना सभी ने भुले बिसरे खेलों को फिर से जीवंत करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त किया।समापन समारोह में पुनः मुख्य अतिथि के रूप में श्री अरुण वोरा ,विशेष अतिथि रिसाली निगम महापौर श्रीमती शशि सिन्हा, चरौदा निगम महापौर श्री निर्मल कोसरे का सानिध्य प्राप्त हुआ। जिन्होंने विजयी खिलाड़ियों को अपने हाथों से प्रस्सति पत्र एवं मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

## आंगनबाड़ी स्कूल का आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 आंगनबाड़ी स्कूल आदित्य नगर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर पुराने आंगनबाड़ी को सर्व सुविधा युक्त आंगनबाड़ी बनाने के लिए शासन द्वारा प्रस्ताव पारित हो चुका है।**



जिसको लेकर कलेक्टर के निर्देश पर स्मार्ट आंगनबाड़ी का निर्माण किया जाना है जिसमे सर्व सुविधा युक्त टीवी लगाना जिससे बच्चो को ज्ञान वर्धक बाते सिखाई जा सके। विशेष सुविधाएं मिलेंगी आंगनबाड़ी इंग्लिश मीडियम होगी जिससे बच्चे को बचपन से ही इंग्लिश मीडियम की शिक्षा दी जा सके,जिससे वे बचपन से ही इंग्लिश सीखकर बोल सके इन आंगनबाड़ी में बच्चो के मनोरंजन के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है बच्चो के मनोरंजन के लिए खिलौने एवं झूले लगाए जा रहे है जिससे बच्चो का पढ़ाई के साथ साथ मनोरंजन भी हो सके। स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर आयुक्त ने वहीं बच्चों से बेहद विनम्रता से मिले।

आयुक्त का बेहद सौम्य अंदाज देख बच्चे भी खुश हुए। आंगनबाड़ी में आयुक्त ने बच्चों से मुलाकात की जहां बच्चों ने उत्साहित होकर आयुक्त श्री तिवारी को कविता और गिनती सुनाई। जिसपर आयुक्त ने बच्चों को शाबाशी दी।

आंगनबाड़ी निरीक्षण पर कलेक्टर ने सीधे बच्चों से भोजन एवं पूरक पोषण आहार मिलने पर बात की। इस बीच दो बच्चों आश्वी और बच्चो ने उन्हें कविता सुनाई। आयुक्त ने स्वयं भी बच्चों से गिनती पर क्लास ली और उन्हें अच्छे से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। आयुक्त ने आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों की जानकारी ली। मौजूद सुपरवाइजर से जानकारी ली।उन्होंने ने आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए गरम भोजन, पेयजल, ग्रोथ रिपोर्ट, किचन, पूरक पोषण आहार, उपस्थिति पंजी आदि का अवलोकन किया।

### विधायक देवेंद्र यादव की पहल से होगा निर्माण कार्य बच्चों को मिलेगा लाभ

# प्राथमिक शाला बापू नगर के बच्चों के लिए बनाया जाएगा अतिरिक्त कक्ष, महापौर ने किया भूमि पूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। बापू नगर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का जीर्णोद्धार किया जाएगा। बच्चों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए स्वीकृत करवाएं थे। जिसके बाद आज 14 दिसंबर को महापौर भिलाई नीरज पाल द्वारा भूमि पूजन कार्य किया गया।**



13 लाख की लागत से बापू नगर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला का जीर्णोद्धार किया जाएगा। यहां बच्चों के बैठने के लिए अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण किया जाएगा। गौरतलब है कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव समय-समय पर क्षेत्र के नागरिकों से भेंट मुलाकात करते हैं। मुलाकात के दौरान ही पिछले साल उन्होंने स्कूल के बच्चों और शिक्षकों से भी भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना था।

तब शिक्षकों ने बच्चों को बैठने के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग रखी थी। भिलाई नगर विधायक ने शिक्षकों की मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारी को प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया था। जिस प्रस्ताव को विधायक देवेंद्र यादव ने पिछले साल 19 मार्च 2021 को शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बापुनगर के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृति कराई थी। स्वीकृति के बाद आज भिलाई के महापौर नीरज पाल ने स्थानीय पार्षद व जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास कार्य का भूमि पूजन किया। विधि विधान से आयोजित इस भूमि पूजन कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में वार्डवासी भी उपस्थित रहे। महापौर नीरज पाल ने कहा कि अतिरिक्त कक्ष निर्माण से स्कूल के बच्चों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद दया सिंह, पार्षद सरिता देवी, संगीता बघेल, छाया पार्षद मंगल सिंह, शंकर राव, संगम यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

नेहरू भवन वार्ड के विभिन्न स्थानों में नालियों का होगा निर्माण, महापौर नीरज पाल ने किया भूमि पूजन महापौर नीरज पाल ने नेहरू भवन वार्ड क्रमांक 17 के विभिन्न स्थानों में होने वाले नाली निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ कराया। 9 लाख 96 हजार की लागत से नाली निर्माण का कार्य होगा इसके लिए साहिल कंस्ट्रक्शन को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है।

महापौर ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय पर नाली निर्माण कार्य को पूर्ण करें ताकि जलभराव की समस्या न हो। भूमि पूजन के दौरान एमआईसी मेंबर केशव चौबे, वार्ड पार्षद भोजराज सिन्हा व वार्डवासी मौजूद रहे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950